कालिदास के विषय में बड़े बड़े शास्त्रार्थ हो चुके हैं अतएव उनके विषय मे और कुछ लिखना निरर्थक जान पड़ता है। जान पड़ता है उपरोक्त इन्ही तीनों कालिदासों का स्मरण राजशेखर को रहा होगा। विद्धशालभञ्जिका, बालरामायण आदि के रचयिता राजशेखर ये नही हैं जिन्होंने कि तीन कालिदासों का उल्लेख किया है। विद्धशालभञ्जिका वाले राजशेखर का समय सन् ७६१ ई० है और दूसरे का समय लोग १४ वी सदी वताते हैं। निदान

भोज के समकालीन कालिदास का उल्लेख इन्हीं दूसरे राज-शेखर से सम्मत है।

२०—कुमारिल भट्ट।

ये प्रसिद्ध मीमांसक दक्षिण देश में उत्पन्न हुए थे। बर्नेल साहिब के मतानुसार इनका समय सन् ६५०ई०से७००ई० तक होता है। पर के. टी. तैलङ्ग ने युक्तिपूर्वक इसके खण्डन की चेष्टा की है और सिद्ध करना चाहा है कि कुमारिलभट्ट और भगवत्पाद शङ्कराचार्य ये दोनों खीष्टीय छठी सदी के उत्तरार्द्ध में विद्यमान रहे होंगे। यदि इनका अनुमान ठीक हो तो शङ्कराचार्य का जन्म सन् ७४८ ई० मे हुआ—केरलोत्पत्ति की यह बात अशुद्ध वा सन्दिग्ध हो जाती है। कुमारिल ने तंत्रवार्त्तिक रचा।

२१–कुल्लूक भट्ट।

ये विख्यात स्मृतिशास्त्रवेत्ता हैं। मनुस्मृति की टीका के प्रारम्भ में ये अपना परिचय इस भांति देते हैं:—

गौडे नन्दन वासिनाम्नि सुजनैर्वन्द्ये वरेन्द्र्यां कुले
श्रीमद्भट्टदिवाकरस्य तनयः कुल्लूक भट्टोऽभवत् ॥
काश्यामुत्तर वाहिजह्नुतनया तीरे समं पण्डितै
स्तेनेयं क्रियते हिताय विदुषां मन्वर्थ मुक्तावली ॥

अर्थात् गौड़ देश में सज्जनों से मान्य नन्दनवासी नामक जो वारेन्द्र श्रेणी के ब्राह्मणों का कुल है उसमें श्रीमान् भट्टदिवाकर उत्पन्न हुए। इन भट्टदिवाकर के पुत्र का नाम कुल्लूकभट्ट है, जिसने पण्डितों के साथ काशी में जहाँ कि गङ्गा नदी उत्तर

की ओर वहती हैं निवास कर विद्वज्जनों के उपयोग के लिये यह मन्वर्थ मुक्तावली वनायी।

विश्वकोष नाम अभिधान ग्रन्थमें उदयनाचार्य भादुड़ी को खीष्टीय १४ वीं शताब्दी में वर्त्तमान और कुल्लूकभट्ट का समसामयिक भी लिखा है। श्रीयुत त्रैलोक्यनाथ भट्टाचार्य ने प्रसिद्धस्मृतिशास्त्रवेत्ता कुल्लूकभट्ट के भाई का नाम पुरुषोत्तम वेदान्तवागीश वतलाया है। भट्टाचार्य महाशय कहते हैं कि पुरुषोत्तम वेदान्तवागीश की १० वी पीढ़ी में राजा कंसनारायण हुए। ये राजा कंसनारायण खीष्टीय १६ वी शताब्दी के विचले भाग में राजशाही ज़िले में प्रकट हुए थे। यदि एक एक पीढ़ी के लिये २५ वर्ष का समय रखा जावे तो वहुत सम्भव जान पड़ता है कि खीष्टीय १४ वी शताब्दी में कुल्लूक भट्ट रहे हों। निदान इस प्रकरण मे विश्वकोप का प्रमाण मान लेने से कुल्लूकभट्ट का समय खीष्टीय १४ वी शताब्दी ही निर्णीत होता है।

२२—कृष्ण मिश्र।

प्रवोधचन्द्रोदय नाम नाटक इन्हींका वनाया हुआ है। उस नाटक से विदित होता है कि चन्देल राजा कीर्त्तिवर्मा ने चेदि के कर्णदेव को युद्ध में हराया। वनारस में इस राजा कर्ण के नाम के लेख ताम्रपत्र पर खुदे मिलते हैं। जिसका समय कि सन् १०४२ ई० मिलता है। हेमचन्द्र और विल्हण के ग्रन्थों से यह विदित होता है कि और और राजाओं ने भी इसे पराजित किया है। कर्णदेव को पराजित करनेवाले राजा कीर्त्तिवर्मदेव सन् १०५० ई० से ११९६ ई० तक विद्यमान थे और उन्हीके

सभासद होने के कारण कृष्णमिश्र का भी समय ११ वी सदी का अन्तिम भाग माना जा सकता है।

२३--क्षपणक।

महाराज विक्रमादित्य जी की सभा में जो नवरत्न थे उनमें ये द्वितीय हैं। नाम से विदित होता है कि ये भी अमर सिंह की तरह बौद्ध वा जैन रहे होंगे। इनके बनाये किसी ग्रन्थ का नाम सुनने में नही आया पर काव्यसंग्रह में जो नवरत्न के श्लोक उठाये गये है, उनमें से निम्न लिखित श्लोक क्षपणक विरचित है—

नीतिर्भूमिभुजां नतिर्गुणवतां ह्रीरङ्गनानां रति
र्दम्पत्योः शिशवो गृहस्य कविताबुद्धेःप्रसादोगिराम्॥
लावण्यं वपुषःश्रुतिः सुमनसां शान्तिर्द्विजस्य क्षमा।
शक्तस्य द्रविणं गृहाश्रमवतां शीलं सतां मण्डनम्॥

अर्थात् राजाओं को नीति, गुणियों को नम्रता, स्त्रियों को लज्जा, दम्पति का विलास, घर के बालबच्चे, बुद्धि की कविता, वचन की मिठाई, देह की सुन्दरता, सज्जन का वेदज्ञान, ब्राह्मण को शान्ति, सामर्थवान् को क्षमा, गृहस्थों का धनवैभव और सज्जनों का शील भूषण है अर्थात् शोभा बढ़ाने वाला गहना है।

इस एक ही श्लोक से क्षपणक की कविताशक्ति भली भांति जान पड़ती है। विक्रम के सभारत्न होने से इनका काल वही खीष्टीय छठी सदी का मध्यभाग निर्णीत होता है।

२४-क्षीरस्वामी।

ये कश्मीर के महाराज जयामीड़ के राज्यकाल में विद्यमान थे। "राजतरङ्गणी" में जयापीड़ का राज्यकाल ७०० शाके अर्थात् सन् ७७६ ई० से ले कर सन् ८१३ ई० तक दिया है और यह भी लिखा है कि क्षीरस्वामी राजा जयापीड़ के गुरु थे। क्षीरस्वामी ने "अमरकोष" पर टीका लिखी है और धातुपाठ तथा पाणिनि व्याकरण से सम्बन्ध रखने वाले कई एक ग्रन्थ लिखे हैं। "कुट्टिनीमतम्" के रचयिता दामोदर गुप्त और अलङ्कार शास्त्र बनाने वाले भट्टोद्भट इनके समकालीन थे।

२५-क्षेमेन्द्र।

ये कश्मीर निवासी एक प्रसिद्ध कवि हैं। पीटर्सन साहिब लिखते है कि सन् १०५० ई० में राजा अनन्त के राज्यकाल में क्षेमेन्द्र ने समयमातृका बनायी और बूलर साहिब के मतानुसार क्षेमेन्द्र का विद्या सम्बन्धी जीवन सन् १०२५ ई० से सन् १०७५ ई० तक रहा होगा। निदान इनका समय ११ वीं सदी ही जान पड़ताहै। इनके बनायेर८ग्रन्थ हैं जिनमें कई एक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। उनमें से"औचित्यविचारचर्चा""कलाविलास""दर्पदलन""कविकण्ठाभरण""चतुर्वर्गसंग्रह""चारुचर्या""बृहत्कथामञ्जरी""भारतमञ्जरी" "सलयमातृका" और "सुवृत्ततिलक" बहुत प्रसिद्ध हैं।

इनके ग्रन्थों के पाठ से विदित होता है कि ये विलक्षण कवि और व्यवहार में बड़े कुशल थे। इनके ग्रन्थों में कायस्थों और मुसल्मानों की बड़ी निन्दा है। "समयमातृका" ग्रन्थ का विषय दामोदर गुप्त के कुट्टिनीमतम् सरीखा है। कदाचित् उसीके परतों

पर लिखा गया है। इनका एक ग्रन्थ "अवदानकल्पलता" है जिसमें बौद्धों के महात्मा महापुरुषों का हाल दिया गया है। संस्कृत इसकी बड़ी स्वच्छ प्रसादगुण विशिष्ट और उपदेशात्मक है। यह ग्रन्थ पाली अक्षरों में तिब्बत में था। कलकत्ते की एशियाटिक सोसाइटी ने इसे पाली और संस्कृत दोनों अक्षरो में छपवा दिया है।

२६-गङ्गा दास।

"छन्दोमञ्जरी" इन्ही कवि गङ्गा दास जी की बनायी हुई है। ग्रन्थ के प्रारम्भ और अन्त में कवि ने कुछ अपना पता बताया है, यथा आरम्भ में:-

देवं प्रणम्य गोपालं वैद्यगोपालदासजः।
सन्तोषातनयश्छन्दो गङ्गादासस्तनोत्यदः॥

अर्थात् भगवान् कृष्ण को नमस्कार कर के मैं गङ्गादास जो कि गोपाल दास वैद्य [पिता] का पुत्र और सन्तोषा [माता] का पुत्र हूँ इस "छन्दोमञ्जरी" नाम ग्रन्थ को बनाता हूँ।

और अन्त में-

सर्गै षोड़शभिः समुज्वलपदैर्नव्यार्थ भव्यांशयै-
र्येनाकारि तदच्युतस्य चरितं काव्यं कविप्रीतिदम्॥
कंशारे शतकं दिनेशशतकद्वन्द्वं च तस्यास्त्वसौ।
गङ्गा दास कवेः श्रुतौ कुतुकिनां सच्छन्दसां मञ्जरी॥

अर्थात् गङ्गा दास कवि ने कवियों को प्रसन्न करने वाले अच्युत-चरित-नाम सोलह सर्ग वाले काव्य को बनाया जिसमें

वहुत से ललितपद तथा नवीनअर्थ और मनोहरआशय भरे हुए हैं। उसी कवि ने कंसारि भगवान् कृष्णचन्द्र की वाललीला का जिसमें वर्णन है और सूर्यशतक भी सौ सौ श्लोक के दो शतक अनूठी कविता के वनाये। उसी कवि की प्रतिभा का यह "छन्दो-मञ्जरी" सुनने वालों के कर्णों को तृप्तिदायक होवे।

उपरोक्त श्लोकों से इस ग्रन्थकर्त्ता के पितामाता और उसके विरचित ग्रन्थों के नाम विदित होते हैं। ये वैद्यवंश में उत्पन्न हुए थे और यद्यपि लोग इन्हें महाकवि न कहें, तौ भी वे ऐसे भाग्यवान् थे कि इनका रचित "छन्दोमञ्जरी" नाम छोटा सा ग्रन्थ भारतवर्ष भर में प्रचलित है। सुनने में आता है कि इनके पिता गोपाल दास वैद्य ने "पारिजातहरण" नाम का एक नाटक वनाया है।

"छन्दोमञ्जरी" का एक श्लोक मुरारि मिश्र कृत 'अनर्घ्यराघव नाम नाटक में उद्धृत मिलता है। अतएव अनुमित होता है कि ये मुरारि से प्राचीन हैं। पर इनका ठीक ठीक समय निरूपित नहीं होता। मुरारि का समय किसी किसी के मत में खीष्टीय १२ वीं शताब्दी है, निदान कवि गङ्गा दास वारहवी शताब्दी से अर्वाचीन अनुमित होते हैं।

२७—गङ्गाधर।

इस कवि के रचित श्लोक गोविन्दपुर के एक शिलालेख में मिले हैं। उस शिलालेख में मिति शाके १०५६ अर्थात् सन् ११३७ ई० दी है। अतएव अनुमान होता है कि उसी समय में यह कवि विद्यामान था। लेख में यह कवि अपनी वंशावली

भी कुछ लिखता है जिससे विदित होता है कि उसके प्रपितामह का नाम दामोदर, पितामह का नाम चक्रपाणि, पिता का नाम मनोरथ, चाचा का नाम दशरथ और भाइयों का नाम महीधर तथा पुरुषोत्तम है। "एपिग्राफिया-इण्डिका" में इस लेख के सम्बन्ध में अनुमान किया गया है कि श्रीधर दास विरचित "सदुक्तिकर्णामृत" सन् १२०५ ई० में रचा गया।

विल्हण के "विक्रमाङ्कदेवचरित" में भी एक गङ्गाधर कवि का नाम मिलता है। नहीं जान पड़ता कि यह गोविन्दपुर के शिलालेख वाले गङ्गाधर हैं या दूसरा कोई। काव्यसंग्रह में गङ्गाधर कवि विरचित "मणिकर्णिकाष्टक" छपा है, न जाने यह गङ्गाधर इनमें से कौन है?

२८-गुणाढ्य।

"कथासरित्सागर" में इस कवि का उल्लेख किया गया है। इसके विरचित ग्रन्थका नाम 'वृहत्कथा" है जिसे कि लोग "वड़ाहकथा" भी कहते हैं। "कथासरित्सागर" में इन्हे कात्यायन और व्याड़ि का समकालीन कहा है और कात्यायन का समय सन् ईस्वी के आरम्भ होने से ३१५ वर्ष पूर्व माना जाता है, अतएव गुणाढ्य का भी वही समय निर्द्धारित होता है। 'पुरुषपरीक्षा" में विक्रमादित्य से वड़ाह नाम के एक राजा की भेंट लिखी है। यदि इसी वड़ाह की कथा गुणाढ्य ने लिखी हो तो सम्भव है वे विक्रमादित्य के नवरत्न वाले वररुचि के समय में रहे हों।

जगद्धर के लिखने से जान पड़ता है कि गुणाढ्य ने महादेव जी से वड़ाह राजा की कथा को सुन कर "वृहत्कथा' नाम

ग्रन्थ वड़ाह के वर्णन में लिखा। यदि यह बात सच्च हो, तो गुणाढय खीष्टीय छठवी शताब्दी में विद्यमान समझ पड़ते हैं। पर इससे और "कथासरित्सागर" से बड़ा भेद पड़ता है। सम्भव है कि वररुचि के लिये कात्यायन नाम लिख गया हो, किन्तु व्याड़ि के नाम में भूल नहीं हो सकती। इसीसे निर्णय यही ठीक होगा कि गुणाढय सन् ईस्वी से ३१५ वर्ष पूर्व वाले कात्यायन के समसामयिक हैं और "वृहत्कथा" के जिसे लोग कदाचित् भूल से "वडाहकथा" कहते हों, रचयिता हैं।

गुणाढय कवि के प्राचीन होने में कोई सन्देह नहीं है, गोवर्द्धनाचार्य ने अपने "आर्यासप्तशती" ग्रन्थ में वाल्मीकि और व्यास के उपरान्त कवियों के नाम की गणना में तीसरा नाम इन्हींका दिया है। तद्यथा—

" अति दीर्घजीविदोषात् व्यासेन यशोपहारितं हन्त।
केनोच्येत गुणाढयः स एव जन्मान्तरापन्न ॥ "

पैशाची भाषा जो प्राकृती भाषा का एक भेद है, उसमें एक लाख श्लोकों में इन्होंने "वृहत्कथासरित्सागर" नाम का एक ग्रन्थ रचा है जिसे सोमदेव शर्मा एक कश्मीर के पण्डित ने २० हज़ार श्लोक में पिशाचभाषा से अनुवाद स्वरूप लिखा है। इस ग्रन्थ की कल्पना और पाण्डित्य अद्भुत है।

२९—गोवर्द्धनाचार्य।

ये कवि गीतगोविन्दकार जयदेव तथा उमापतिधर आदि के समकालीन हैं। "गीतगोविन्द" में जयदेव ने इनका उल्लेख कर के बड़ाई की है कि शृङ्गाररस की कविता लिखने में ये बड़े

निपुण थे। इनका बनाया "आर्यासप्तशती' नाम का एक ग्रन्थ है। यद्यपि नाम से तो विदित होता है कि इस ग्रन्थ मे आर्याछन्द के७००श्लोक होंगे-पर 'काव्यसंग्रह"से जो ग्रन्थ छपाहै उसमें ७३१ श्लोक हैं। गोवर्द्धनाचार्य ने निज रचित ग्रन्थ मे अपने पिता का नाम नीलाम्बर लिखा है। इनके ग्रन्थ में वाल्मीकि, व्यास, वृहत्कथा के रचयिता गुणाढ्य, कालिदास, भवभूति, बाण आदि के नामोल्लेख मिलते है और ये सब कवि उमापतिधर से प्राचीन भी हैं, अतएव उमापतिधर के समसामयिक होने से इनका समय १२ वी शताब्दी का आरम्भ और मध्यभाग सिद्ध होता है।

राढ़ देश मे मल्लभूमि की राजधानी विष्णुपुर है। वहॉ के राजा के आश्रित मुरारि कवि शाके ११०० अर्थात् सन् ११७८ ईस्वी के पूर्व विद्यमान थे। उसने अपने को गोवर्द्धन भट्ट का पुत्र बताया है। कौन जाने कदाचित् ये गोवर्द्धन आर्यासप्तशती के रचियता हों। गोवर्द्धनाचार्य ने अपने शिष्यों में से एक का नाम उदयन लिखा है। ये प्रसिद्ध नैयायिक उदयनाचार्य ही हैं या और कोई सो स्पष्ट नही जाना जाता।

३०—गोविन्द ठक्कुर।

चन्द्रदत्त मैथिल कृत संस्कृत भाषान्तर वाली "भक्तमाला' में गोविन्द ठक्कुर को "काव्यप्रदीप" का रचयिता बतलाया है और यह भी लिखा है कि गोविन्द ठक्कुर मम्मट भट्ट से भेंट करने गये और उनको जूता पहिने और डाढ़ी मोंछ बनाये देख उन्हें आश्चर्य हुआ कि ये मुसलमान् के वेश में क्यों रहते हैं यदि "भक्तमाला" की बात सत्य हो तो मम्मट भट्ट के समकालीन

गोविन्द ठक्कुर भी १२ वीं सदी के अन्तिम वा १३ वी सदी के प्रारम्भ काल में माने जा सकते हैं। 'काव्यप्रकाश' के टीकाकार कमलाकर भट्ट (जिसने सन् १६१२ ई० में 'शूद्रकमलाकर' नाम ग्रन्थ रचा है) अपने ग्रन्थ में 'काव्यप्रदीप' का नाम लिखते हैं। इस कारण गोविन्द ठक्कुर उसके पूर्व ही किसी समय में रहे होंगे ऐसा निश्चय होता है। गोविन्द ठक्कुर के एक चचेरे भाई की पाँचवी पीढ़ी में नरसिंह ठक्कुर हुए, जिन्होंने काव्यप्रकाश पर टीका लिखी है और जिसका निर्णीत समय १६६८ ई० है। प्रत्येक पीढ़ी को लगभग ३० वर्ष का समय देकर यदि लेखा लगावे,तो गोविन्द ठक्कुर का समय किसी प्रकार १६ वी सदी के प्रारम्भ वा पन्द्रहवी सदी के अन्तिम भाग से पूर्व नहीं पड़ सकता। "काव्यमाला' में इनका वंशवृक्ष दिया है और इन्हें मिथिला का निवासी बतलाया है,पर उनका निश्चित समय नही लिखा। केवल इतना ही अनुमान करके छोड़ दिया है कि गोविन्द ठक्कुर १६ वी शताब्दी के अन्तिम भाग से पिछले कभी नही हो सकते।

३१-घटकर्पर।

महाराज विक्रमादित्य की सभा के नवरत्नों में से घटकर्पर भी एक हैं। इन्होंने बाईस श्लोक का एक काव्य बनाया है जिसमें यमक रखे गये हैं। सुनते हैं कि इन्होंने जब प्रतिज्ञा की कि यदि कोई दूसरा कवि यमक में मुझे जीत ले, तो मैं उसके यहाँ पानी भरूँ, तब कविशिरोमणि कालिदास ने "नलोदयकाव्य" बना कर यमक में इन्हें परास्त किया। "काव्यसंग्रह"में "घटकर्परकाव्य" और' नलोदय"दोनों छपेहै। इनग्रंथोंको देखने से इतना तो अवश्य

झलकता है कि घटकर्पर कालिदास की तरह कठिन और गूढ़ कूट से भरा यमक लिखने नहीं बैठे थे। इनका बनाया "नीतिसार" नाम का एक और भी ग्रन्थ है जिसके देखने से इनकी कविताशक्ति भली भाँति प्रकट होती है। विक्रमादित्य के सभासद होने से इनका समय भी सन् खीष्टीय छठवाँ शतक निर्णीत होता है।

२२ श्लोकों का वर्षा के वर्णन में 'राक्षसकाव्य' नाम का एक छोटा सा काव्य है जिसका पहिला श्लोक यह है:-

"पश्याब्जदृक् गिरितटेषु कुमातृसाह्वान्,
भूदेवराजरिपुशत्रु समावधूतान्।
वैश्वानरारिजरिपुघ्नशराभिभूतै-
र्दृक्श्रोत्रशत्रुभिरुपासितपुष्पशोभाम्॥"

"राक्षस' इसका नाम इस लिये है कि इसमें कूट भरा है। यह भी कदाचित् घटकर्पर ही का हो।

३२—चटक।

कल्हण 'राजतरङ्गिणी" में लिखते हैं:-

मनोरथः शङ्खदत्तश्चटक सन्धिमांस्तथा।
बभूवुः कवयस्तस्य वामनाद्याश्च मंत्रिणः॥

अर्थात् मनोरथ, शङ्खदत्त, चटक और सन्धिमान् ये राजा जयापीड़ की सभा के कवि थे। वामन आदिक पण्डित उसके मंत्री थे। निदान चटक कवि का समय राजा जयापीड़ का राज्यकाल अर्थात् सन् ७७२ ई० से ८०३ ई० तक अनुमित होता है। ये कश्मीर निवासी थे। इनका बनाया कोई ग्रन्थ

देखने वा सुनने में नहीं आता। हरिमोहन प्रामाणिक ने इनका नामान्तर चालक भी लिखा है।

३३—चाणक्य ।

ये कवि पाटलिपुत्र के राजा चन्द्रगुप्त के मंत्री थे । विशाख दत्त ने "मुद्राराक्षस" नाटक में इनके कलाकौशल दरसाये हैं। लोग कहते हैं कि ये नीतिशास्त्र के आचार्य कामन्दक के गुरु हैं और इनके वनाये ग्रंथ का नाम "चाणक्यनीति" है। गुणाढय ने "वृहत्कथा' में इनका नाम लिखा है पर गुणाढय चन्द्रगुप्त के पूर्व हुए हैं और चाणक्य चन्द्रगुप्त के समकालीन हैं । यदि चाणक्य गुणाढय से पीछे हों, तो 'कथासरित्सागर' की वात ठीक नहीं जंचती । निदान चाणक्य, को गुणाढय आदि के समकालीन मानने से यह बाधा दूर हो सकती है। अतएव चाणक्य का समय भी खीष्ट से ३१५ वर्ष पूर्व के लगभग मानना चाहिये। "कथासरित्सागर' में जो कुछ चाणक्य के सम्वन्धमें है उसे यहाँ विस्तारभय से नहीं लिखा।

३४—चोर कवि ।

ये प्रसिद्ध कवि काश्मीरी हैं, इन्हीका नामान्तर विल्हण है। इनके वनाये ग्रन्थों का नाम "चौरपञ्चाशिका" "विक्रमाङ्क-देवचरित" और "कर्णसुन्दरी' नाटिका हैं। इन्होंने और भी कई ग्रंथ वनाये होंगे, पर उक्त तीन ग्रंथों को छोड़ औरों का पता नहीं है। कुछ श्लोक 'सुभाषितावलि"में विल्हण रचित कह के उद्धृत हुए हैं। "चौरपञ्चाशिका" एक ग्रंथ है जिसकी रचना के विषय

मे सुनने में आता है कि बिल्हण जब गुजरात के राजा वैरिसिंह की बेटी शशिकला के पढ़ाने के लिये गुरु नियुक्त किये गये, तब वे उसके यौवन के सौन्दर्य पर मोहित हो गये और उसके साथ गुप्त गान्धर्व-विवाह कर लिया। इस वृतान्त के राजा के कान तक पहुँचते विलम्ब न लगा। राजा ने कवि को बध किये जाने की आज्ञा दी। वध के स्थान पर पहुँचते पहुँचते कवि ने अपनी प्रियतमा के वर्णन मे पचास श्लोक रच डाले। राजा ने इस काव्यरचना का समाचार सुना और उसने न केवल कवि के प्राण ही छोड़ दिये, वरन अपनी बेटी भी उन्हें व्याह दी। परन्तु यह कथानक निर्मूल जान पड़ता है क्योंकि गुजरात का राजा वैरिसिंह सन् ६२० ई० में मर गया और "विक्रमाङ्कदेवचरित" द्वारा विदित होता है कि बिल्हण खीष्टीय ग्यारहवी शताब्दी के अन्तिम भाग में कश्मीर से बाहर निकले और उस समय गुजरात में चालुक्य वंश का और भीमदेव का पुत्र कर्णराज राज्य कर रहा था। इतना तो अवश्य सिद्ध होता है कि बिल्हण को गुजरात में कुछ क्लेश मिला होगा जिसे उन्होंने सोमनाथ जी का दर्शन करके भुला दिया। जान पड़ता है कि इस समय सोमनाथ की वह शोभा न रही होगी जैसी कि महमूद ग़ज़नवी की चढ़ाई के पहिले थी। जैसा मार्शम्यान आदि इतिहास लिखने वालों ने वर्णन किया है। यदि ग़ज़नी के लुटेरे के पूर्व बिल्हण ने सोमनाथ का दर्शन किया हो तो सम्भव है कि वे सन् ६२० ई० में वैरिसिंह के समकालीन रहे हों, किन्तु न तो "राजतरङ्गिणी' और न "विक्रमाङ्कदेवचरित" [जिन्हें हम कथानक की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक मान सकते हैं] इस बात के सिद्ध होने में कुछ सहायता देते है। "राजतरङ्गिणी" के द्वारा ज्ञात होता है कि कश्मीर के राजा कलश ने सन्

१०६४ ई० से लेकर सन् १०८८ ई० पर्यन्त राज्य किया। इसी राजा के समय विल्हण कश्मीर देश को छोड़ भ्रमण के लिये बाहर निकले। "विक्रमाङ्कदेवचरित" द्वारा जाना जाता है कि विल्हण मथुरा, कन्नौज, बनारस, प्रयाग, अयोध्या, धारा, गुजरात आदि देशो मे घूमते हुए सेतुबन्ध रामेश्वर तक जा पहुँचे थे।

बूल्हर साहिब अनुमान करते है कि विल्हण लगभग सन् १०६५ ई० मे भारतवर्ष के भिन्न भिन्न राजाओं के दरबार में गये होंगे और अन्त मे जाकर पश्चिमी चालुक्य राजा विक्रमादित्य के यहाँ ठहरे, जिनके वर्णन में उन्होंने "विक्रमाङ्कदेवचरित" नामक काव्य बनाया। पश्चिमी चालुक्य राजा विक्रमादित्य छठवां सन् १०७६ ई० में राजगद्दी पर बैठा। विक्रमादित्य के पिता का नाम सोमेश्वर था। विक्रमादित्य के उत्तराधिकारी का नाम भी सोमेश्वर ही मिलता है और इसके राजगद्दी पर बैठने का समय सन् ११२७ ई० है।

विल्हण ने "विक्रमाङ्कदेवचरित' में अपने वंश का कुछ वर्णन भी किया है और अपने पुरखों का निवासस्थान खोनमुख नाम कश्मीर का एक गांव बतलाया है। कश्मीर के खोनमुख गांव में कौशिक गोत्र मे उत्पन्न वेद शास्त्रादि में निपुण मुक्ति-कलश नामक एक पण्डित थे। मुक्तिकलश के पुत्रका नाम राज-कलश और राजकलश के बेटे का नाम ज्येष्ठकलश था। ज्येष्ठ-कलश की पत्नी का नाम नागादेवी था। यही नागादेवी विल्हण की माता थीं। विल्हण के जेठेभाई का नाम इष्टशम और कनिष्ठ भाई का नाम आनन्द था।

विल्हण शरीर से बहुत सुन्दर थे। यदि "चौरपञ्चाशिका" का कथानक सत्य हो, तो अचरज नहीं कि राजकन्या इनके

गुणों में से सौन्दर्य को प्रधान समझ, इन पर मोहित हुई हो।

निदान विल्हण प्रसिद्ध काश्मीरी कवि थे और "कर्णसुन्दरी" नाटिका के आरम्भ में इन्होंने मङ्गलाचरण में नागानन्द की तरह जिन [अर्हनदेव] से सभासदों के कल्याण की प्रार्थना की है। इनका समय खीष्टीय ग्यारहवी सदी का पिछला भाग मान लेने में कोई अड़चन नही है।

कुछ लोगों का मत है कि चोरकवि एक और भी हैं जो गुणसिन्धु राजा के पुत्र थे। पर उनके विषय में भी विल्हण की नाईं राजकन्या पर आसक्ति और अन्त में छुटकारे का वर्णन है। यदि यह विल्हण से भिन्न कोई कवि हैं तो इनके समय का कुछ भी पता नहीं है। "कविचोरमयूरकौ" इस श्लोक की पंक्ति के द्वारा यदि चोर को मयूर का समकालीन मान लें तो चोर भी मयूर के समान खीष्टीय सातवीं सदी के प्रारम्भ में वर्तमान् माने जा सकते हैं।

३५-जगद्धर।

भवभूति कृत "मालतीमाधव" नामका नाटक की टीका इन्ही महाशय ने बनायी है। उसके प्रत्येक अङ्क की टीका के अन्त में इन्होंने अपने माता पिता का नाम दिया है और ग्रन्थ की समाप्ति में भी अपने वंश का संक्षेप में कुछ परिचय दिया है, जिससे विदित होता है कि द्विजातिकुलतिलक चण्डेश्वर नाम के एक प्रसिद्ध मीमांसक पण्डित हुए, जिनके पुत्र रामेश्वर पण्डित भी एक प्रसिद्ध मीमांसक थे। रामेश्वर के पुत्र गदाधर, गदाधर के पुत्र विद्याधर और उनके पुत्र

रत्नधर हुए । ये ही रत्नधर जगद्धर के पिता है। जगद्धर ने निज माता का नाम दमयान्तिका लिखा है। ये जगद्धर न्याय वैशेषिक, व्याकरण, काव्य आदि में वहुत निपुण जान पड़ते हैं। इनके रचित "मालतीमाधव" नाटक के टीका की संस्कृत जानने वालों के वीच वड़ी प्रतिष्ठा है। इन्होंने ग्रन्थ के अन्त में अपने पिता की उपाधि " श्रीमन्महोपाध्याय परिडतराज महाकविराज धर्माधिकारी " लिखी है । इससे सिद्ध हुआ कि ये महापरिडत विद्वज्जनों के कुल में उत्पन्न हैं । इनके रचित और और ग्रन्थोंके नाम' वेणीसंहार' की टीका और "वासवदत्ता" की टीकाएं हे ।

इनका समय परिडतवर रामकृष्ण भाण्डारकर के निर्णयानुसार खीष्टीय १४ वी शताब्दी से पूर्व नही होसकता ।

३६-जगन्नाथ परिडतराज ।

ये महाशय प्रसिद्ध आलङ्कारिक और कवि दिल्ली के वादशाहके दरवार मे थे। इन्होने 'भामिनविलास''के अंत में लिखा भी है ' दिल्ली वल्लभ पाणि पल्लव तले नीतं नवीनं वय. ।" ये तैलंग देश में राजमहेन्द्री प्रान्त के निवासी थे, पर चिरकाल इन्होंने काशी में रह विद्याभ्यास किया। इनके पिता का नाम पेरु भट्ट माता का लक्ष्मी और गुरु का नाम ज्ञानेन्द्रभिक्षु था। । जयपुर के राजा की आज्ञानुसार जयपुर और काशी में इन्होंने नक्षत्रों के देखने के उपयुक्त कौतुकालय वनवाये। काशी में मानमन्दिर घाट पर अव तक यह कौतुकालय बना है, पर भूमि के हिल जाने से अव उस स्थान से नक्षत्रादि ठीक नही देख पड़ते । इनका समय लोगों ने सन् १६२० ई० से १६६० ई० तक दिल्ली

की राजसेवा में कटा हुआ सिद्ध किया है । अतएव वही बादशाह से इन्हें पण्डितराज की पदवी भी मिली। इनके रचित ग्रन्थोंके नाम— 'रसगङ्गाधर'' 'मनोरमा' ' कुचमर्दन' 'गङ्गा लहरी' "करुणालहरी" 'अश्वघाटी' काव्य, "भामिनीविलास" इत्यादि हैं। सुनने में आता है कि इन्होंने किसी मुसलमानिन के प्रेम मे फँस उससे विवाह कर लिया था जिससे ब्राह्मणों ने इन्हें जात बाहर कर दिया। अन्त में गङ्गालहरी रचते रचते काशी में गङ्गातट पर इन्होंने प्राणत्याग किये। बुढ़ापे में कुछ दिनों तक ये मधुपुरी [मथुरा] में भी बसे थे।

३७—जयदेव (१)।

ये महाशय "गीतगोविन्द" के रचयिता अत्यन्त मधुर और ललित कविता बनाने के कारण प्रसिद्ध हैं। इन्होंने निज रचित गीतगोविन्द में अपने माता पिता का नाम दिया है जिससे विदित होता है कि इनकी माता का नाम वामादेवी और पिता का नाम भोजदेव था। बङ्गाल में वीरभूमि नामके स्थान से कुछ दूर हट कर, भागीरथी मे गिरने वाला अजय नाम एक नद है। इसी नद के तीर पर कंदुला नाम गांवहै जिसे लोग जयदेव की जन्मभूमि बतलाते हैं।

" वर्णितं जयदेवकेन हरेरिदं प्रवणेन।
केन्दुबिल्व समुद्र सम्भव रोहिणी रमणेन॥ "

जिस से स्पष्ट विदित होता है कि ये बंगाल में कंदुला नामक गांव के निवासी थे।

जयदेव के समय के विषय में विचार करने से यही समझ पड़ता है कि ये उमापतिधर [जिनका कि वर्णन पूर्व में हो

चुका है] के समकालीन थे । ये उमापतिधर बंगाल के उस राजा लक्ष्मणसेन के मंत्री थे जो सन् ईस्वी १११६ में वर्तमान् थे और जिनके पिता दानसागर के रचयिता वल्लालसेन के नाम से सेनवंश के राजाओं के बीच अत्यंत प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध हैं। अतएव यही अनुमान ठीक जचता है कि उमापति के समकालीन होने से जयदेव भी खीष्टीय १२ वीं सदी के पूर्व भाग में विद्यमान माने जांय। जयदेव ने "गीतगोविन्द" में अपने समकालीन कवियों की नामावली का जो श्लोक दिया है सो ऊपर उमापतिधर के वर्णन में उठाया जा चुका है और कवि-राज के प्रकरण में भी एक ऐसा श्लोक उठाया जा चुका है जिससे उमापतिधर, शरण, गोवर्द्धन और कविराज आदि जयदेव के समसामयिक और लक्ष्मणसेन के सभासद सिद्ध होते हैं।

'पृथ्वीराज-रासा" के रचयिता कवि चंद १२ वी शताब्दी के अन्तिम भाग में विद्यमान थे यह बात इतिहास से सिद्ध मानी जाती है और इन चंद कवि ने निज रचित ग्रंथ में जयदेव कृत "गीतगोविन्द" का नाम दिया है इससे उपरोक्त बात प्रमाण द्वारा परिपुष्ट होती है कि जयदेव १२ वी सदी के पूर्व भाग में रहे हों।

जयदेव के रचित"गीतगोविन्द 'की कई एक टीकाएं देखने में आती हैं जिनमें सब से पुरानी टीका भगवतीभवेश के बेटे मैथिलकृष्णदत्त की बनायी जान पड़ती है । 'भक्तमाल" में भी विस्तार पूर्वक जयदेव का चरित्र वर्णन किया गया है । संस्कृत ग्रंथकार भक्तों के बीच जयदेव प्रसिद्ध भी बहुत हैं। लोग तो यहां तक कहते हैं कि स्वयं भगवान् श्री कृष्ण जी भी "गीत-गोविन्द' के गान से रीझ जाते हैं । संस्कृत जानने वालों में

विरला ही कोई होगा जिसने "गीतगोविन्द" काव्य और जयदेव कवि का नाम न सुना हो। जयदेव रचित "गीतगोविन्द"के एक श्लोकका पूरा पूरा भाव"कुवलयानन्द"के उद्धृत एक श्लोक में पाया जाता है। पर यह निर्णय अत्यन्त दुर्घट है कि उन श्लोकों में से कौन अधिक प्राचीन है।

वे श्लोक यथा–

हृदि बिसलता हारो नायं भुजङ्गम नायकः।
कुवलय दल श्रेणी कण्ठे न सा गरल द्युतिः॥
मलयजरजो नेदं भस्म प्रिया रहिते मयि।
प्रहर न हर भ्रांत्यानङ्ग क्रुधा किमु धावसि॥

यह श्लोक 'गीतगोविन्द'में विरही पुरुष की ओर से उठाया गया है। इसी आशय का दूसरा श्लोक "कुवलयानन्द' में विरहिणी स्त्री की ओर से उठाया गया है।

यथा —

जटा नेयं बेणी कृत कच कलापो न गरलं।
गले कस्तूरीयं शिरसि शशिलेखा न कुसुमं॥
इयं भूतिर्नाङ्गे प्रिय विरह जन्मा धवलिमा।
पुराराति भ्रान्त्या कुसुम शर किं मां प्रहरसि॥

३८-जयदेव (२)।

ये प्रसिद्ध ग्रन्थकार 'प्रसन्नराघव"नाम नाटक के रचयिता हैं। ये नैयायिक भी थे। "प्रसन्नराघव"की प्रस्तावना में इस बात की शङ्का उठायी है कि जो कवि है वह उत्तम नैयायिक कैसे हो

सकता है और उसका समाधान विचित्र रीति से किया है जैसा कि नीचे लिखे श्लोक से प्रकट हो जाता है—

येषां कोमल काव्य कौशल कला लीलावती भारती।
तेषां कर्कश तर्क वक्र वचनोद्गारेऽपि किं हीयते॥
यैः कान्ता कुच मण्डले कररुहाः सानन्दमारोपिता।
स्तैः किं मत्त करीन्द्र कुम्भ शिखरे नारोपणीयाः शराः॥

अर्थात् जिन मनुष्यों की वाणी कोमल काव्य-रचना की निपुणता वा चातुर्य की कला से भरी चमत्कार उपजाने वाली है क्या उनकी वही वाणी न्याय-शास्त्र के रूखे और कुटिल वचनों के उच्चारण से नीच हो सकती है। भला देखो तो जिन विलासियों ने आनंदपूर्वक अपनी ललनाओं के गोलस्तनों पर नखों के चिन्ह किये हों वे क्या मतवाले हाथी के ऊँचे गण्डस्थलों पर अपने वाणों का घाव नहीं करते?

इन्होंने अपनी माता का नाम सुमित्रा पिता का नाम महादेव और अपने आपको कौंडिन्य अर्थात् कुण्डिनपुर-निवासी बतलाया है। निज रचित ग्रंथ में इन्होंने निम्न लिखित कवियों का नामोल्लेख किया है—

'चोर, मयूर, भास, कालिदास, हर्ष और वाण।"

अनुमान् से विदित होता है कि ऊपरोक्त सब कवि खीष्टीय सातवी शताब्दी की समाप्ति के पूर्व प्रसिद्ध हो चुके थे, अतएव यह जयदेव सातवी शताब्दी से पिछले जान पड़ते हैं, परंतु 'गीतगोविन्दकार-जयदेव"इनसे अवश्य भिन्नहैं क्योंकि नतो इनके माता-पिता मेल है और न निवास-स्थान का। प्रत्युत इन्हीं प्रसन्नराघवकार-जयदेव ही की उपाधि पक्षधर मिश्र और पीयूष-

वर्ष थी ऐसा भी लोग अनुमान करते है। 'चंद्रालोक" नामक ग्रंथ भी इन्ही जयदेव का बनाया हुआ है। जयदेव रचित 'रतिमञ्जरी" नामक छोटा सा ग्रंथ भी देखने में आता है पता नही कि यह कौन जयदेव हैं।

श्री हरप्रसादशास्त्री ने लिखा है कि पक्षधर मिश्र ई० १५वी शताब्दी में मिथला में विद्यार्थियों को पढ़ाया करते थे यह अनुमान बहुत करके सत्यही होगा क्योंकि गोस्वामी तुलसीदासजी जिन्होंने हिंदी भाषामें रामचरितमानस' नामकी रामायण लिखी है उनका जीवनकाल प्रायः सन् १५२६ ई० से १६२३ ई० तक था अर्थात् १६वी शताब्दी के अंतिम भाग में था। इन गोसाईं ने "प्रसन्नराघवनाटक" के भावों को अपनी रामायण में भर दिया है ऐसा अनुमान होता है क्योंकि ऐसे भाव बहुधा ग्रंथों में नही मिलते उदाहरणार्थ दो चार श्लोक लिखे जाते हैं। यथा—

" झगिति जगती मागच्छन्त्याः पितामह,
विष्टपान्महति पथियो देव्या वाचः श्रमः समजायत।
अपि कथमसौ मुञ्चेदेनं नचेदवगाहते–
रघुपति गुणग्रामं श्लाघ्यां सुधामय दीर्घिकाम्॥"

भक्ति हेतु विधि भवन बिहाई। सुमिरत शारद आवत धाई॥
राम चरित सर बिनु अन्हवाये। सो श्रम जाय न कोटि उपाये॥

नेदं धनुश्चलति किञ्चिदपीन्दमौले,
कामातुरस्य वचसा मिव सं विधानै—
रभ्यर्थितं प्रकृति चारु मनः सतीनाम्॥

डगै न शम्भु शरासन कैसे। कामी वचन सती मन जैसे॥
चंद्रहास हर मम परितापं। रामचंद्र विरहानल जातम्॥

त्वं हि कांति जित मौक्तिक चूर्णं। धारया वहसि शीतलमम्भ ॥
चंद्रहास हर मम परितापं। रघुपति विरह अनल संजातं॥
शीतल निसि तव असि वर धारा। कह सीता हर मम दुखभारा॥

कुरु सकरुणं चेतः श्रीमन्नशोक वनस्पते,
दहन कणिकामेकां तावन्मम प्रकटी कुरु ।
ननु विरहिणी सन्तापाय स्फुटीकुरुते भवान्तव–
किसलय श्रेणी व्याजात्कृशानुशिखावलिम् ॥

सुनहु विनय मम विटप अशोका। सत्यनाम कर हरु मम शोका॥
नूतन किसलय अनल समाना। देहि अगिन जनि करहि निदाना॥

हिमांशुश्चण्डांशुर्नव जलधरो दाव दहनः,
सरिद्वीची वात कुपित फणि निश्वास पवन ।
नवामल्ली भल्ली कुवलयवनं कुन्त गहनं ।
ममत्वद्विश्लेषात्सुमुखि विपरीतं जगदिदम् ॥

राम वियोग कहा तव सीता। मो कहँ सकल भयउ विपरीता॥
नवतरु किसलय मनहु कृसानू। काल निसा सम निसि ससिभानू॥
कुवलय विपिन कुंत बन सरिसा। वारिद तप्त तेल जनु बरिसा॥
जेहि तरु रहै करै सोइ पीरा। उरगश्वाससम त्रिविध समीरा॥

अतएव प्रसन्नराघवकार–जयदेव तुलसीदासजी के पहिले अर्थात् १५वी सदी में विद्यमान् रहे होंगे । कुछ लोग पक्षधर मिश्र को प्रसन्नराघवकार से भिन्न मानते हैं, पर ऐसे संशय करने का कोई विशेष स्थल उपस्थित नही होता ।

३९—जनार्दन भट्ट ।

बम्बई की छपी "काव्य-माला" के एकादश गुच्छक में इन कवि महाशय का विरचित 'शृङ्गारशतक' नामक ग्रंथ देखने मे आता है पर निवास या समय आदि का पता नही लगता है। काव्य की रचना देखने से कवि बहुतही अर्वाचीन नहीं जान पड़ते। ग्रंथ में इनके पिता का नाम जगन्निवासगोस्वामी लिखा मिलता है। ग्रंथ मे एक ऐसा श्लोक मिलता है जो इनके पूर्व कवियो की नामावली बताता जान पड़ता है। वह श्लोक यथा—

विख्याता रघुवशवद्गुण गणैः शृङ्गार सारा परं,
शृङ्गारे रसमञ्जरीवदमला माघार्थवत्सत्तनौ।
क्लिष्टा नैषधवच्च मान करणे कादम्बरीवद्रते-
नानाश्लेष विचक्षणो विजयते सारङ्ग रम्येक्षणा॥

इससे विदित होता है कि कालिदास, भानुदत्त मिश्र, माघ, श्रीहर्ष, बाण आदि कवि इनके समय में प्रसिद्ध पाचुके थे। उपरोक्त कवियों में से भानुदत्त मिश्र सब से अर्वाचीन बूझ पड़ते हैं और उनका समय प्राय १४वी शताब्दी का अंतिम वा पंद्रहवी शताब्दी का प्रारम्भ माना जा सकता है। निदान वे कवि भानुदत्त, जनार्दन भट्ट के समय मे प्रसिद्ध होचुके थे इनकी प्रसिद्ध प्राप्त करने के लिये यदि लग भग ६० वर्ष छोड़ दिया जाय तो इन गोस्वामी जी का समय सोलहवी सदी का पिछला भाग अनुमान किया जा सकता है।

४०—जोनराज।

कल्हण ने जो "राजतरङ्गिणी' सन् ११४८ ई० में लिखी

उसको समाप्त नही करने पाये। कल्हण के छोड़ने पर "राज-तरङ्गिणी' का पिछला अंश अर्थात् दूसरी "राजतरङ्गिणी" इन्होंने रची। निज रचित ग्रंथ भाग में ये अपने समय का परिचय इस प्रकार से देते हैं—

श्री जोनराज विबुधः कुर्वन् राजतरङ्गिणीम्।
सायकाग्निमिते वर्षे शिव सायुज्य मावसत्॥

अर्थात् पण्डित जोनराज महाशय सम्वत् २५ में राज-तरंगिणी"विरच कर शिव सायुज्य को प्राप्त हुये। यह सम्वत् ३५ लौकिक वा कश्मीरी सम्वत् समझना चाहिये, अतएव यह बात निर्द्धारित होती है कि इन पण्डित ने सन् १४१२ ई० में प्राण त्याग किया, सो इनका समय अनुमान से १४वी शताब्दी का पिछला भाग और पंद्रहवी सदी के आरम्भके१२वर्ष हैं। जोन-राज की बनाई 'राजतरंगिणी" का नाम लोगों ने "दूसरी राज-तरंगिणी"रक्खा है। इन्होंने भारवि के 'किरातार्जुनीय" की टीका भी बनाई है ऐसा जान पड़ता है।

इनके शिष्य का नाम श्रीवर पण्डित है जिन्होंने शाके १४७७ वा १५५५ ई० मे 'तीसरी राजतरंगिणी 'बनाई। राजतरंगिणीकार सब कश्मीर ही के रहने वाले हैं।

४१-त्रिविक्रम भट्ट।

ये कवि प्रसिद्ध विद्वान् देवादित्य शर्मा के पुत्र थे। लड़क-पन में इनको विशेष अभिरुचि पढ़ने लिखने मे न थी, पर प्रयो-जन-वश सरस्वती देवी की आराधना कर कुछ काल लों उन देवी की कृपा से विद्या का परिचय इनको भली भांति रहा

सुनने मे आता है कि सरस्वती की अनुग्रहावस्था के अवसर में सात दिन में इन्होने सात उच्छ्वास वाला "नलचम्पू" नामक एक अत्युत्कृष्ट ग्रन्थ रचा। 'चम्पू"ग्रंथ बहुधा खण्डित ही छोड दिये जाते हैं निदान 'नलचम्पू" भी खण्डित है। त्रिविक्रम भट्ट की उपाधि यमुना त्रिविक्रम थी।

"नलचम्पू' में बाण भट्ट का नाम लिखने से विदित होता है कि ये सातवीं शताब्दी खीष्टीय से पिछले हैं। और भी 'सरस्वती-कण्ठाभरण' मे भोजराज ने "नलचम्पू" से एक श्लोक उठाया है। त्रिविक्रम के समय तक बाण तथा भोज के समय तक त्रिविक्रम को ख्याति प्राप्त करते कुछ समय लगा होगा। अतएव त्रिविक्रम का समय आठवी शताब्दी से दसवी शताब्दी तक के बीच में किसी समय माना जा सकता है।

४२—दण्डी।

दण्डी कवि किस देश में कब हुये इसका निर्णय नही हो सकता। बंगालियों ने तो अनुमान किया है कि विदर्भ देश की विशेष प्रशंसा 'दशकुमारचरित' मे मिलने से सम्भव है कि ये विदर्भ-वासी हों। पर ऐसा सिद्धान्त बना लेना भूल है क्योंकि इस नियम के अनुसार कालिदास को प्रयाग-वासी भी कहना पड़ेगा। देखो 'रघुवंश" त्रयोदश सर्ग ५४ से ५७ श्लोक तक। दूसरे लोग अनुमान करते है कि 'काव्यादर्श' में 'लिम्पतीवतमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभ' इस श्लोकार्द्ध के आने से शूद्रक की अपेक्षा ये अर्वाचीन है। शूद्रक का समय लोगो ने सन् की पहिली सदी रक्खा है। जो कुछ हो पर दण्डी बहुत प्राचीन कवि समझ पड़ते है क्योंकि—

जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्यभिधा भवत्।
कवी इति ततो व्यासे कवयस्त्वयि दण्डनि ॥

यह प्राचीन श्लोक उक्त बात को सिद्ध करता है। यह अनुपम कवि यदि कालिदास के समकालीन हों तो कुछ अचरज नहीं। कालिदास से इनके शास्त्रार्थ होने का कथानक भी इस की सिद्धि में सहायक है। राजशेखर कवि सन् ७६१ ई० मे हुऐ हैं और उन्होंने अपने ग्रन्थ में दण्डी का नाम दिया है। इसके द्वारा विलसन साहिब का यह अनुमान कि दण्डी सोम-देव भट्ट की अपेक्षा अर्वाचीन है और 'कथासरितसागर" देख के उन्होंने दशकुमारचरित" बनाया होगा ठीक नहीं समझ पड़ता है। निदान इतना तो अवश्य कह सकते हैं कि दण्डी शूद्रक कवि और राजशेपर कवि इन दोनों के बीच के समय में हैं। शूद्रक का समय सन् ईस्वी की पहिली सदी और राजशेखर का आठवीं सदी है। इस समय में छठवीं सदी [जो कि कालिदास का समय है] भी अन्तर्गत है सो कथानक के आधार पर दण्डी को छठवीं सदी का कवि कहना असंगत नहीं बोध होता।

जो लोग संसाराश्रम को छोड के संन्यासी होजाते हैं उन्हें दण्डी कहते हैं—सम्भव है कि दण्डी कवि का नाम न हो के केवल उनका आश्रम मात्र द्योतित करता है। इस अनुमान के पोषण में पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर लिखते हैं कि दण्डियों के रहने का कोई नियत-स्थान नहीं है वे सदा रमते विचरते रहते हैं केवल वर्षा-ऋतु के चार महीनों में यात्रा में बहुत अधिक क्लेश मिलने के कारण वे प्रायः वर्ष के वर्षा भाग में किसी गृहस्थ के यहां टिक रहते हैं। ये दण्डी कवि भी बरसात

मे किसी गृहस्थ के यहां टिक रहते थे और प्रत्येक चौमासे में एक एक ग्रन्थ बनाते थे। जिस वार दण्डी जिस गृहस्थ के यहां टिकते थे वर्षा के अन्त मे चलते समय अपनी रचित पुस्तक उसी को सौंप जाते थे। 'दशकुमारचरित" को दण्डी ने एक वर्ष के चौमासे में बनाया। वैसेही अलङ्कार ग्रंथ' काव्यादर्श" भी एक ही चौमासे का बना प्रतीत होता है। यदि यह किंवदन्ती सत्य हो तो दण्डी रचित ग्रंथों के आरम्भ और अन्त में जो न्यूनता देख पड़ती है उसका भी उत्तर मिल जाता है क्योंकि ऐसा भी सुनने में आता है कि दण्डी ने जिस बरसात में "दशकुमारचरित" बनाया उसी बरसात मे उनका देहांत हुआ। इसी कारण न तो 'दशकुमार" संपूर्ण हो सका और न उसका ठीक पूर्वापर सम्बन्ध लग सका।

दण्डी के बनाये जो ग्रंथ आज कल मिलते है उनके नाम ये हैं- 'काव्यादर्श" 'दशकुमारचरित "छंदोविचित"और "कला-परिच्छेद"इत्यादि। "वासवदत्ता' की भूमिका में हाल साहिब ने अनुमान किया है 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' इत्यादि श्लोक दण्डि विरचित हैं और मम्मट ने इसे काव्यप्रकाश" मे उठाया है। यह असम्भव न होगा क्योंकि मान लिया जावे कि मम्मट ने दण्डी का रचित श्लोक उठाया तो वे दण्डी से पिछले रहे होंगे। इस से विलसन् साहिब के सिद्धांत मे अवश्य भूल समझ पड़ती है अर्थात् यदि सोमदेव की अपेक्षा दण्डी अर्वाचीन हो तो मम्मट से प्राचीन नहीं हो सकते। यदि हाल साहिब का अनुमान ठीक हो तो या तो उक्त श्लोक "मृच्छकटिक" में प्रक्षिप्त मानना पड़ेगा वा शूद्रक को कालिदास, दण्डी आदि की अपेक्षा नवीन स्वीकार करना पड़ेगा।

४३—दामोदर गुप्त ।

ये कवि कश्मीर निवासी हैं इनका बनाया ग्रंथ "कुट्टनीमतम्" है। 'राजतरंगिणी" मे लिखा है कि—

स दामोदर गुप्ताख्यं कुट्टनी मतकारिणम् ।
कविं कविं वलिरिव धूर्यंधी सचिवं व्यधात् ॥

जिसके द्वारा विदित होता है कि ये महाराज जयापीड़ के मंत्री थे। जयापीड़ का समय सन् ७७२ ई० से लेके ८०३ ई० तक निर्णीत है निदान दामोदर गुप्त का यही समय है। कुट्टनी-मत' ग्रन्थ क्षेमेंद्र कवि के समय मातृ का ही सा है। काव्य-प्रकाशकार–मम्मट ने इन के रचित दो श्लोकों को निज ग्रन्थ में उठाया है। इन्ही दो श्लोकों को देखने से इनकी विलक्षण कविता-शक्ति जानी जाती है। वे श्लोक—

यथा—

अपसारय घनसारं कुरुहारं दूर एव किं कमलै ।
अलमलमालिमृणालै रिति वदति दिवानिशं बाला ॥ १ ॥
हृदय मधिष्ठित मादौ मालत्या कुसुम चाप बाणेन ।
चरमं रमणी वल्लभ लोचन विषयं त्वाया भजता ॥ २ ॥

इनके ग्रन्थ लिखने का मुख्य उद्देश्य युवा पुरुषो को वेश्याओं के फन्दे से बचाना है और ग्रंथ मे यह दिखलाया है कि पुरुषो के लुभाने के लिये वेश्याओ के लिये क्या क्या कर्त्तव्य हैं। इस ग्रंथ के पढ़ने हारे यदि चतुर हों तो संसार में बहुत संभल के अपना जीवन बिता सकते हैं। ग्रन्थ का विषय अश्लील होने के कारण लोग दामोदर गुप्त मे विशेष कवित्व

की कुछ प्रशंसा नही करते किन्तु कवि यह अपने ढग का बडा ही अनोखा था।

४४–दामोदर मिश्र।

हनुमन्नाटक" के अन्त मे जो श्लोक लिखा मिलता है उस से अनुमान होता है कि 'हनुमन्नाटक' का संग्रह दामोदर मिश्र ने किया है। भोज प्रवन्ध"मे लिखा मिलता है कि राजा भोज के समय में मल्लाहों ने नदी मे जाल डालते एक पत्थर पाया जिस में कुछ लेख खुदा मिला। राजा ने अपने सभासदो से जो पढ़वाया तो यह श्लोक निकला—

अयि खलु विषम• पुराकृतानां भवतिहि जन्तुषु कर्मणां विपाकः।
क जनकतनया क रामजाया कच दशकन्धर मन्दिरेनिवासः॥

तदनन्तर कालिदास ने इतना भाग और भी पढ़ पाया—

शिवशिरसि शिरांसि यानि रेजुः,
शिव शिव तानि लुठन्ति गृध्रपादैः॥

इस कथानक से विदित होता है कि भोज ही के समय में हनुमद्विरचित रामायण 'की चर्चा प्रसिद्ध हो चलीथी। दामोदर मिश्र ने निज सङ्कलन मे उसे पूरा किया और हनुमन्नाटक' वा महानाटक नाम रक्खा यह नाटक संस्कृत में है तो, पर कालिदास, भवभूति आदि की नाईं यह कवि प्रौढ़ वा चतुर नही जान पड़ते। नाटक के नियमो का इस ग्रन्थ में ठीक ठीक अनुसरण नही है। किञ्च इस नाटक में और २ कवियों के रचित ग्रन्थों के श्लोक भी उद्धृत देखने में आते हैं जैसे 'श्री-

वाभङ्गाभिरामं' आदि " शकुन्तला " में, ' सद्यःपुरीपरिसिरेऽपि' आदि वाल रामायण" में मिलता है जिससे अनुमान होना है कि वास्तव में दामोदर मिश्र ने संग्रह मात्र किया है । "हनुमन्नाटक" को छोड और कोई ग्रन्थ दामोदर मिश्र विरचित नही मिलता लोग कहते है कि यह वीर रस प्रधान ग्रंथ है पर इसमे राम-सीता विषयक शृङ्गार भी बहुत भरा है । द्वितीय अङ्क का नाम "जानकीविलास" लिखा गया है प्रसन्नराघवकार-राजशेखर वा भवभूति आदि की नाई हनुमन्नाटक ' के शृङ्गार रसमे सुघरता नही है इसीपर विलसन् महाशय ने राम-सीता विषयक विलक्षण शृङ्गार रस की हिंदुओ की रुचि पर आश्चर्य प्रकट किया है । सो जो कुछ हो कवि वहुत प्रौढ़ नही जान पडते ।

काव्य प्रकाश के सप्तम उल्लास में मम्मट ने हनुमन्नाटक ' से—

न्यकारो ह्ययमेव मे यदरयस्तत्राप्यसौ तापसः,
सो ऽप्यत्रैव निहन्ति राक्षसकुलं जीवत्यहो रावणः ।
धिक्धिक् शक्रजितं प्रवोधितवता किं कुम्भकर्णेन वा—
स्वर्गग्रामटिका विलुण्ठनवृथोच्छूनैः किमेभिर्भुजैः ॥

उक्त श्लोक को उठा के उसका दोप निर्देश किया है । निदान दामोदर मिश्र मम्मट भट्ट से प्राचीन व उनके समकालीन हो सकते है पर मेरी समझ में ये भोज राज और मम्मट दोनों के समकालीन होंगे अतएव इनका समय खीष्टीय ग्यारहवीं शताब्दी का पूर्व भाग निर्णीत होता है ।

४५—दिङ्नाग ।

ये महाशय बौद्ध मत के आचार्य और काञ्चीपुरी के निवासी थे । मल्लिनाथ ने 'मेघदूत' पूर्वार्द्ध के १४वे श्लोक की टीका में

"दिङ्नागानां पथिपरिहरन्स्थूल हस्तावलेपान्' दिङ्नाग को कालिदास का समकालीन बताया है। मैक्समुलर ने भी इसी अनुमान को स्थिर किया है। कालिदास तो बौद्ध न थे अतएव दिङ्नाग का मत उन्हें प्रिय न था। मेघदूत के श्लोक से कालिदास की दिङ्नाग पर अश्रद्धा मल्लिनाथ के कथनानुसार स्पष्ट झलकती है। कालिदास के सहपाठी निचुल ने दिङ्नाग के आक्षेपों का खण्डन भी किया था। यदि कालिदास के समकालीन रहे हों तो दिङ्नाग का समय सन् ५२० ई० से ६०० ई० तक में मैक्समुलर के निर्देशानुसार हो सकता है।

कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि दिङ्नाग बहुत प्राचीन बौद्धाचार्य हैं और प्राय भाष्यकार पतञ्जलि के समकालीन हैं। यह कुछ असम्भव नही है क्योंकि सम्भव है कि मल्लिनाथ ने केवल अटकल लगाया हो। काव्यप्रकरण मे दिङ्नाग और निचुल का कोई उल्लेख नहीं केवल कालिदास की गुप्ताभिसन्धि का अनुमान श्लेष द्वारा किया गया है। फिर भी यदि कालिदास को गुप्ताभिसंधि दिङ्नाग पर अश्रद्धा दिखलाने की हो भी तो उन दोनों का समकालीन होना क्यों आवश्यक है यह बात नहीं समझ पड़ती। यदि दिङ्नाग पतञ्जलि के समकालीन माने जावें तो उनका समय खीष्ट के पूर्व २०० वा ३०० वर्ष के बीच में कभी हो सकता है।

४६—दिवाकर (१)

राजशेखर ने जो अपने पूर्व कवियों की सूची दी है उस मे इनका नाम दण्डी, बाण, मयूर आदि के साथ आया है

जिससे विदित होता है कि ये भी उक्त कवियो के समकक्ष रक्खे गये हैं। इस आशय का एक और श्लोक भी मिलता है।

यथा—

" अहो प्रभावो वाग्देव्या यंमातङ्ग दिवाकरः।
श्रीहर्षस्याभवत्सभ्यः समं वाणमयूरयोः॥

ये श्री हर्ष कन्नौज के महाराज हर्षवर्द्धन हैं। कादम्बरीकार-वाण कवि ने इन्हीके वर्णन में "हर्षचरित" नाम गद्य-ग्रंथ लिखा है। प्राचोन शिला लेखों और चीन के यात्री ह्वेनसङ्ग के वर्णन के द्वारा इस श्रीहर्ष का राज्य सन् ६०० ई० से ६२५ ई० तक निर्णीत होता है। इसी समय मे दिवाकर उसकी सभा के सभ्य थे। वाण वा मयूर सरीखे सद्वंश सम्भूत ये न थे, पर सरस्वती के प्रभाव से उन्हीके समान सुप्रतिष्ठित रहे।

४७–दिवाकर (२)

ये प्रसिद्ध ज्योतिषी भरद्वाज गोत्रोत्पन्न ब्राह्मण थे। इनके पिता का नृसिंह और विद्यादाता गुरु इनके चचा शिवदैवज्ञ हैं। पं० सुधाकर दुवे के मत मे इनका जन्म शाके १५२८ वा सन् १६०६ ई० होता है इन्होने कई एक ग्रंथ रचे उनमे से "जातकपद्धति" नाम ग्रंथ सन् १६२५ मे प्रकाशित हुआ। इनका निवासस्थान गोदावरी नदी के तट पर गोल नामक ग्राम था।

४८–दिनकर मिश्र।

ये 'रघुवंश' के टीकाकार एक प्रसिद्ध पण्डित हैं। लोग कहते हैं कि इन्होने सन् १३८५ ई० मे यह टीका बनाई। ये बौद्ध

मत के थे इस कारण इनकी रची रघुवंश" की टीकाके प्रारम्भमें मल्लिनाथ को नही रुची इसी कारण 'रघुवंश" की टीका के प्रारम्भ में मल्लिनाथ ने " दुर्व्याख्या विष मूर्च्छिता " लिखा है सम्भव है कि मल्लिनाथ के चित्त में उस समय बौद्ध मतवाले दिनकर मिश्र की अरुचिकर टीका स्थित थी। जब सन् १३८५ ई० में इन्होने ग्रन्थ रचा है तो दिनकर मिश्र का समय चौदहवी शताब्दी खीष्टोय का पिछला भाग मान लेने में कोई आपत्ति नही हो सकती। इतना और भी विदित होता है कि पहिले शङ्कराचार्य, तदनन्तर उदयनाचार्य द्वारा परास्त किये जाने पर यद्यपि बौद्धधर्म्म का प्राधान्य हिन्दुस्तान मे न रहने पाया पर तौ भी बौद्ध-सिद्धांत-वादी दिनकरमिश्र सरीखे दो चार जन रही गये थे। सम्भव है ऐसे ही लोगों के पास बचे खुचे बौद्ध-ग्रन्थ देख के माधवाचार्य जी ने 'सर्व दर्शन संग्रह मे बौद्ध-दर्शन लिखा हो। माधव के भाई सायण का मृत्युकाल सन् १३८७ ई० मे है॥

तो दिनकर का सायण और माधव से प्राचीन होना स्वतः सिद्ध है।

४९–धनञ्जय।

भोजराज के पितृव्यधारानरेश मुञ्ज की सभा के रत्नो में से धनञ्जय भी एक हैं। इनका रचित "दशरूपक" नाम ग्रन्थ प्रसिद्ध है। ग्रन्थ की समाप्ति में धनञ्जय लिखते है।

विष्णो सुतेनापि धनञ्जयेन,
विद्धन्मनो राग निबद्ध हेतुः।

आविष्कृतं मुञ्ज महीश गोष्ठी-
वैदग्ध्य भाजा दश रुपमेतत् ॥

जिस से विदित होता है कि इनके पिता का नाम विष्णु था और ये मुञ्ज के समकालीन तथा उनके सभासद् थे। भोज-राज का समय लोगों के निर्णयानुसार सन् ६६७ ई० से १०५१ ई० तक पूर्व में उल्लिखित हो चुका है । उनके पितृव्य होने के कारण मुञ्ज का समय उनसे पूर्व ठहरा अर्थात् खीष्टीय १०वीं शताब्दी का अन्तिम भाग मुञ्ज तथा उनके समसामयिक धनञ्जय कवि का भी होवेगा। धनञ्जय के समकालीन और कवियों के नाम पद्मगुप्त, धनिक, हलायुध आदि हैं। जिनमे से पद्मगुप्त तो 'नवसहमाङ्कचरित काव्य के रचयिता हैं। धनिक धनञ्जय के भाई हैं उन्होंने भी अपने पिता का नाम विष्णु लिखा है। हलायुध तो एक प्रसिद्ध कोपकार हैं जिनका उल्लेख जहां तहां मल्लिनाथ करते हुए देखने मे आते हैं, पर ये हलायुध वे हैं वा नहीं इस में संदेह है।

५०—धन्वन्तरि ।

महाराज विक्रम की सभा के नवरत्नों मे से इनका नाम पहिले लिखा मिलता है जिससे इनकी विशेष विद्वत्ता और योग्यता के विपय में संदेह नही रह जाता, मन्दराचल से मथे जाने पर समुद्र से जो १४ रत्न निकले उन में अमृत का कलश हाथ में लिये धन्वन्तरि का भी उल्लेख मिलता है। पुराणो तथा "हरिवंश" मे धन्वन्तरि काशीराज प्रसिद्ध है। धन्वन्तरि काशी मे रहते थे और वृद्धकाल का कूप आज तक काशी में उनका स्मारक वना हुआ है। यह कूप मुहल्ला दारानगर में मृत्युञ्जय

जी महादेव के मंदिर के पास है। लोग ऐसा भी कहते हैं कि धन्वन्तरि वैद्य परलोक सिधारते समय अपनी गुणकारी औषधियों को वृद्धकाल के कुएँ में छोड़ गये जिस के प्रभाव से अब तक उस कुएँ का पानी आरोग्य वर्द्धक है। निदान धन्वन्तरि वैद्य काशी के निवासी और एक अति प्राचीन व्यक्ति सिद्ध होते हैं। कुछ लोगों का मत है कि ये ही धन्वन्तरि वैद्य विक्रमादित्य के सभा रत्न और प्रसिद्ध कवि थे। पर इसमें कुछ प्रमाण नहीं मिलता है।

मेरी समझ में तो धन्वन्तरि वैद्य और धन्वन्तरि कवि भिन्न-जन हैं। उसमें से वैद्यराज तो पौराणिक समय के प्रसिद्ध व्यक्ति हैं। जिनका कि समय खीष्ट के पीछे किसी भांति हो ही नहीं सकता और न कवियो के बीच उनके उल्लेख करने का मेरा अभिप्राय है। पर जो धन्वन्तरि कवि हैं वे विक्रम के सभा-रत्न उज्जयिनी के निवासी और खीष्टीय छठवीं शताब्दी के व्यक्ति हैं ये कालीदास घटकर्पर आदि के समकालीन हैं। इनका रचित कोई ग्रंथ देखने वा सुनने मे नहीं आया नवरत्न के श्लोकों मे इनका रचित श्लोक भी मिलता है जिससे अनुमान होता है कि यह अद्भुत कवि थे।

५१—धनिक।

ये विष्णु कवि के पुत्र और धनञ्जय के भाई हैं। धनञ्जय रचित 'दशरूपक'' पर "दशरूपकावलोक" नामक तिलक इन्हीं ने लिखा है। इन्होंने निज रचित ग्रंथमें "विद्धशालभञ्जिका" के श्लोक उदाहरण में उठाये हैं जिस से सिद्ध होता है कि राजशेखर

इनसे पहिले होचुके है। "दशरूपकावलोक"में इन्होंने स्वरचित पद्य भी लिखे हैं तथा पद्मगुप्त और रुद्र इन कवियों का भी नाम लिखा है, पर इनमें से पद्मगुप्त तो राजा मुञ्ज के सभारत्न हैं और धनञ्जय के साथ इनका उल्लेख किया जा चुका है और रुद्र कदाचित् काव्यालङ्कारकर्त्ता-रुद्र ही होंगे। उनका समय लोगों ने सन् ८५० ई० अनुमान किया है। "शृङ्गारतिलक"के रचयिता रुद्रभट्ट कदाचित् ये ही काव्यालङ्कारकर्त्ता रहे हों, पर इसका प्रमाण मिलना दुर्घट है।

५२-धर्म्मदास।

"काव्यसंग्रह" में इनका रचित "विदग्धमुखमण्डन" नामक ग्रन्थ छपा है, जिसके मङ्गलाचरण में बुद्धदेव की स्तुति की गयी है।

"सिद्धौषधानि भय दुःख महापदानाम्।
पुण्यात्मनां परम कर्ण रसायनानि।
प्रक्षालनैक सलिलानि मनोमलानाम्।
शौद्धोदनेः प्रवचनानि चिरञ्जयन्ति॥"

जिससे अनुमान होता है कि ये बुद्ध के मानने वालों में से होंगे, पर इनका निवास-स्थान वा समय इनके रचित ग्रन्थों से विदित नहीं हो सकता। "विदग्धमुखमण्डन" तो एक प्राचीन ग्रन्थ जान पडता है। सम्भव है कि ये कवि उस समय के होंगे जिस समय भारत में बौद्धधर्म्म का प्राबल्य सातवीं या आठवीं शताब्दी में रहा होगा—ऐसा इतिहास से सिद्ध होता है। जब तक भगवत्पाद-शङ्कराचार्य ने बौद्धों को शास्त्रार्थ में परास्त न किया, तब तक वे भारत में बढ़ते गये। यदि धर्म्म-

दास बौद्धों के प्राबल्य-काल में सब से पिछले माने जांय तो उनका समय शङ्कराचार्य के कुछ ही पूर्व हो सकता है और हरि-मोहन प्रामाणिक के कथनानुसार उस समय मगधदेश में बौद्ध-मत का विशेष प्रचार ठीक मान लिया जाय तो सम्भव है कि ये कवि मगध के निवासी रहे होंगे। इनका समय अनुमान से खीष्टीय आठवीं शताब्दी के पूर्व मान लिया जा सकता है।

---

५३ धावक।

श्रीयुत पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर लिखते हैं कि ऐसी किम्वदन्ती प्रचलित है कि धावक नाम किसी कवि ने "रत्नावली" और "नागानन्द" नामक नाटक बनाये। राजा श्रीहर्ष ने धन देकर धावक को अपनी ओर झुका कर उन्हे परितुष्ट किया और इन दोनों नाटकों को अपने नाम से प्रचलित करवाया। प्रसिद्ध और मुख्य अलङ्कार शास्त्र जानने वाले पण्डित मम्मट-भट्ट के लेख से भी यही बात पक्की होती है, पर धावक और राजा श्रीहर्ष इन दोनों के समय में सहस्र से भी अधिक वर्षों का अन्तर पडता है। दोनों एक ही समय के जन नही हो सकते। कालिदास विरचित "मालविकाग्निमित्र" नाटक की प्रस्तावना में प्राचीन नाटक लिखने वालों के बीच धावक का भी नाम लिखा मिलता है। इसके अनुसार धावक विक्रमादित्य के भी बहुत पूर्व प्रकट हुए जान पड़ते हैं। अतएव यह किम्वदन्ती और उसका मूल स्वरूप मम्मट का भी सिद्धान्त ठीक नही जॅचता। जब श्रीहर्ष का एक अच्छा कवि होना और सब देश की भाषाओं का जानना प्रामाणिक इतिहास ग्रन्थ से सिद्ध होता है तब निर्मूल किम्वदन्ती तथा मम्मट का लेख सम्भालने के

लिये किसी दूसरे धावक कवि की कल्पना कर के श्रीहर्ष की कवि-विपयक-कीर्त्ति को उड़ा देना किसी रीति से भी न्याय नहीं जान पड़ता।

उपरोक्त मत से प्रकट होता है कि धावक का समय विक्रम से भी बहुत पूर्व रहा होगा पर ध्यान रखना चाहिये कि "मालविकाग्नि' की केवल दो एक प्रतियों में धावक नाम मिलता है। भासक, धावक का नामान्तर होना सम्भव नहीं है। यदि भासक के स्थान मे लेखक भूल से धावक लिख गया हो तो कदाचित् सम्भव है। ऐसे लेखकों के प्रमाण से मम्मट की उक्ति को भूल निकालना श्लाघ्य नहीं है। मेरी समझ में मम्मट का कथन ठीक जान पड़ता है। क्योंकि "काव्यप्रकाश" के टीकाकारों ने यही किम्व-दन्ती उठायी है जिसे विद्यासागर महाशय झूठी ठहराते हैं। प्रत्युत जिस श्रीहर्ष ने धावक से ग्रन्थ बनवाया वह कश्मीर का राजा नहीं है, किन्तु कान्यकुब्ज का वह हर्षवर्द्धन है जिसके यश का वर्णन बाणभट्ट ने " हर्षचरित " में किया है। यदि यह बात ठीक हो, तो धावक कवि भट्ट के समकालीन सिद्ध होते हैं और विद्यासागर की बात कट जाती है।

निदान धावक का समय खीष्टीय सातवी सदी के आरम्भ का भाग अनुमित होता है।

---

५४ - धोयी।

जयदेव ने "गीतगोविन्द' मे 'धोयी कविक्ष्मापतिः' ऐसा लिख के धोयी की प्रशंसा की है। इसमें संशय नहीं कि ये एक अच्छे कवि थे। इनका रचित ग्रन्थ पवनदूत"नामक है, जिसका विषय

विलकुल कालिदास के "मेघदूत" सा है। इस ग्रन्थ में कुवलयवती नाम नायिका ने पवन द्वारा अपने प्राण-प्रिय राजा लक्ष्मण के पास अपने विरह का संदेश भेजा है। इसमे सन्देह नहीं कि यह राजा लक्ष्मण बङ्गाल का सेनवंशीय राजा लक्ष्मणसेन है जिसके सभासद जयदेव, धोयी, गोबर्द्धन, शरण, उमापतिधर आदि थे। अतएव उन सब कवियों की तरह धोयी भी बङ्गालदेश के निवासी होंगे। लक्ष्मणसेन के पिता का नाम वल्लालसेन था, जिसने सन् ११०१ ई० मे "दानसागर" नामक ग्रन्थ रचा। जयदेव आदि का समय खीष्टीय १२ वीं सदी का पूर्वभाग पहिले निर्णीत हो चुका है और उसीके अनुसार धोयी कवि का समय निश्चय किया जा सकता है। अर्थात् धोयी का समय भी सन् ११०० ई० से ११५० ई० तक माना जा सकता है।

धोयी का यह श्लोक प्रसिद्ध है —

"इक्षुदण्डं कलानाथं भारतं चापि वर्णय।
इति धोयो कविर्ब्रूते प्रतिपर्वरसायनम्॥"

५५—नागो जी भट्ट।

ये महाशय महाराष्ट्र ब्राह्मण काशी के निवासी एक प्रसिद्ध वैयाकरण है। इनके पिता का नाम शिवभट्ट और माता का नाम सती था। ये महाशय श्रृङ्गवेरपुर [सिगरौर] के राजा रामसिंह के आश्रित थे और सिद्धान्तकौमुदीकार-भट्टोजी-दीक्षित के पौत्र हरि दीक्षित के शिष्य थे। ' परिभाषेन्दुशेखर " आदि व्याकरण ग्रन्थो के टीकाकार वैद्यनाथ बालभट्ट इन्ही नागो जी भट्ट के शिष्य है। इनके बनाये बहुतेरे ग्रन्थ जिनमे से "बृहन्मञ्जूषा" "लघुमञ्जूषा' "लघुशब्देन्दुशेखर ' "परिभाषेन्दुशेखर"

"लघुशब्दरत्न आदि व्याकरण ग्रन्थ,"प्रायश्चितेन्दुशेखर" "आचारेन्दुशेखर," "तीर्थेन्दुशेखर," श्राद्धेन्दुशेखर" आदि बारह शेखर ग्रन्थ और अनेक ग्रन्थों की टीका आदि हैं। इन टीकाओ में से 'वाल्मीकीय-रामायण' पर रामाभिरामा" टीका और "काव्य-प्रदीप" पर "उद्योत" नामक टीका लोगों की सुपरिचित है। सुनने मे आता है कि सोलह वर्ष की वय तक इन्होंने कुछ विद्याभ्यास नही किया। पीछे किसी के उपदेश से उन्होंने वागीश्वरी का जप कर के बड़ी विद्या प्राप्त की। इनका समय खीष्टीय १७वी शताब्दी लोगो ने स्थिर किया है।

५६—नारायण।

'मुहूर्त्तमार्त्तण्ड' नामक जो संस्कृत मे ज्योतिप का प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं उसके रचयिता नारायण हैं। इन्ही महाशय ने इस निज रचित ग्रन्थ पर "मार्त्तण्डवल्लभा" नामक एक टीका भी की है। पं० सुधाकर द्विवेदी के मत से इन ग्रन्थों का निर्माण-काल शाके १४९३ [वा सन् १५७१] और शाके १४९४ [या सन् १५७२ ई०] है। यही समय स्वयं नारायण ने अपने ग्रन्थ में लिखा है। 'मुहूर्त्तमार्त्तण्ड" ग्रन्थ के अन्त में अपना कुछ विशेप परिचय भी इन्होंने दिया है।

यथा—

"श्रीमत्कौशिक पावनो हरिपदद्वन्दार्पितात्मा हरि-
स्तज्जोऽनन्त इलासु रोचित गुणो नारायणस्तत्सुतः।
ख्यातं देवगिरे शिवालयमुदक् तस्मादुदक् टापरे-
ग्रामस्तद्वसतिर्मुहूर्त्तं भवनं मार्त्तण्डमत्राकरोत्॥"

जिससे विदित होता है कि इनके पिता का नाम अनन्त और निवास-स्थान देवगिरि से कुछ दूर पर टापर नाम एक गाँव

था। सन् १५७१ ई० और सन् १५७२ ई० में ग्रन्थ वनाने से इन का समय खीष्टीय १८वी सदी का पिछला भाग मान लेने में कुछ भी वाधा नहीं हो सकती।

---

५७ निम्बादित्य।

वैष्णवो के चार प्रसिद्ध सम्प्रदायों का नाम "पद्मपुराण में लिखा मिलता है। उनमें से पहिला श्री रामानुज सम्प्रदाय है जो विशिष्टाद्वैतवाद [अर्थात् ब्रह्म का परिणाम जगत् उसी प्रकार से है जैसे दूध का दही] के अनुयायी हैं। दूसरा मध्व सम्प्रदाय है जिसके मत मे ब्रह्म और जीव भिन्न भिन्न हैं। तीसरा विष्णु स्वामी का सम्प्रदाय मध्व से मिलता हुआ है। दोनो भेदवादी हैं। चौथा वैष्णवों का सम्प्रदाय इन्ही निम्वादित्य का प्रवर्तित है, जिसे लोग भेदाभेदवाद कहते हैं। इनके मतानुसार जैसे डाल पत्ते आदि वृक्ष से भिन्न है और अभिन्न भी वैसे ही जीव और ब्रह्म भिन्न भी है और अभिन्न भी।

इनका नाम निम्वादित्य पड़ने का यह कारण सुनने में आता है कि कोई जैन संन्यासी इनसे शास्त्रार्थ करने आया और वाद-विवाद करते करते सांझ होगयी। जव जैन संन्यासी ने सांझ हो जाने पर भोजन न करने का विचार वांधा तव इन्हीं आचार्य ने नीम के पेड़ पर सूर्य को तव तक रोक रखा। जव तक कि संन्यासी ने अपना भोजन प्रस्तुत करके खा न लिया। कुछ लोग वर्णन करते हैं कि जव संन्यासी ने सांझ होने पर उपवास करने का प्रस्ताव किया, तव निम्वादित्य ने नीम के पेड़ पर चढ़ के उन्हें सूर्य दिखला कर कहा कि अभी सांझ नहीं हुई है। नीम के पेड़

पर से सूर्य को दिखला देने वा वहां पर सूर्य को रोक रखने से इन आचार्य का नाम निम्बादित्य वा निम्बार्क पड़ा।

निम्बादित्य के रचित ग्रन्थ का नाम " धर्माब्धिबोध " है। मथुरा के पास ध्रुवतीर्थ नाम का एक स्थान है। वहीं पर निम्बादित्य की गद्दी है। लोग कहते हैं कि उनकी गद्दी पर उनके शिष्य हरिव्यास की सन्तान आज तक विराजमान् हैं। ये लोग निम्बार्क स्वामी का समय १४२० वर्ष से भी पूर्व बताते हैं। पर ऐसा तो हो ही नही सकता क्योंकि तीसरे वैष्णव सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक विष्णुस्वामी सन् १५७८ ई० में वर्त्तमान थे तो निम्बादित्य अवश्य उनके पीछे हुए होंगे। अतएव इनका समय १६वी सदी का पिछला वा १७वी सदी का प्रारम्भ भाग मान लिया जा सकता है। इनके शिष्यों के नाम केशव और हरिव्यास हैं।

५८-नीलकण्ठ।

ये महाशय एक प्रसिद्ध ज्योतिषी थे। इनकी बनायी "ताजिक नीलकण्ठी' नामक पुस्तक का पृथिवी में विशेष आदर है। इनके पिता का नाम अनन्त और पितामह का नाम चिन्तामणि था। प्रसिद्ध राम दैवज्ञ जिन्होंने " मुहूर्त्तचिन्तामणि " ग्रन्थ बनाया इन्हीके कनिष्ठ भ्राता हैं। नीलकण्ठ के पुत्र एक प्रसिद्ध ज्योतिषी थे जिन्होंने "मुहूर्त्तचिन्तामणि" की "पीयूषधारा" नाम की टीका लिखी है। ग्रन्थारम्भ में ये अपने पिता का वर्णन इस प्रकार से करते हैं :—

"सोमामीमांसकानां कृतसुकृतचयः कर्कशस्तर्कशास्त्रे,
ज्योतिःशास्त्रेच गर्ग फणिपति भणिति व्याकृतौ शेषनाग।
पृथ्वी शाकब्बरस्य स्फुरदतुल सभामण्डनं पण्डितेन्द्रः—
साक्षात् श्रीनीलकण्ठ· समजनि जगतीमण्डले नीलकण्ठः॥"

जिससे स्पष्ट है कि ये मीमांसक, नैयायिक, ज्योतिषी और वैयाकरण थे तथा अकबर बादशाह के सभासद भी थे। इनका निवास-स्थान विदर्भ-देश और उनकी स्त्री का नाम पद्मा था।

अकबर बादशाह के समकालीन होने के कारण इनका समय १६वीं शताब्दी खीष्टीय का पिछला भाग अनुमित होता है।

५९-पतञ्जलि।

ये प्राचीन वैयाकरण 'महाभाष्य" के रचयिता है। हिन्दुस्तान के पूर्वभाग मे गोनर्द नाम प्रदेश पतञ्जलि का निवासस्थान है। उनकी माता का नाम गोणिका था। महाभाष्य" के वाक्यों को उठा उठा के भाण्डारकर और गोल्डस्टुकर ने उनका समय निर्णय करने का प्रयत्न किया है और सिद्ध किया है कि पतञ्जलि यूनानी मिनेण्डर और पाटलिपुत्र के राजा पुष्पमित्र के समकालीन है। उन महाशयो के कथनानुसार पतञ्जलि का समय सन् ईस्वी के १४० वर्ष पूर्व से १२० वर्ष पूर्व तक निश्चित होता है। पतञ्जलि ने जो "मौर्यैर्हिरण्यार्थिभिरर्चाः प्रकल्पिता" अर्थात् मौर्य्यवंशीय राजाओं ने सुवर्ण की कामना से पूजा का व्यवहार चलाया-ऐसा वाक्य लिखा है। उससे गोल्डस्टुकर साहिब समझते है कि वे मौर्यवंशीय प्रथम राजा चन्द्रगुप्त से पहिले न रहे होंगे अर्थात् सन् ईस्वी से ३१५वर्ष पूर्व समय की अपेक्षा प्राचीन नही होंगे। प्रत्युत सम्भव है कि उस वंश के अन्तिम राजा के भी पीछे अर्थात् सन् ईस्वी से १८० वर्ष पूर्व में रहे-ऐसा जान पड़ता है। क्या इस अनुमान को असम्भव कहने का साहस किया जा सकता है?

पतञ्जलि के और और वाक्य 'अरुणाद्यवन साकेतम्' अर्थात् यवन राजा ने अयोध्यापुरी को घेरा और 'अरुणद्यवनो माध्यमिकान्' अर्थात् यवन राजा ने माध्यमिको को घेरा है। इससे अनुमान होता है कि यूनान वालों ने पतञ्जलि ही के समय मे अयोध्या को घेरा होगा । माध्यमिक नागार्जुन के शिष्यों का एक सम्प्रदाय है जो कि शून्यवादी बौद्धो के नाम से विशेष प्रसिद्ध है। अव विचारना चाहिये कि यूनान वालो ने अयोध्या पर कव चढ़ाई की है? प्राचीन यूनान के इतिहास से विदित होता है कि स्ट्रबो के वर्णनानुसार राजा मिनेण्डर ने यमुना नदी तक के देशों को विजय किया और मथुरा मे इसके नाम के सिक्के भी पाये गये हैं। मिनेण्डर का राज्य-काल प्रोफेसर लासेन के मतानुसार सन् ईस्वी से १४४ वर्ष पूर्व है। निदान इन सव वातों से निःसन्देह यह वात प्रतीत होती है कि पतञ्जलि सन् ईस्वी की पिछली दूसरी शताब्दी में वर्त्तमान थे।

पतञ्जलि वैयाकरण होने के अतिरिक्त एक अति प्रसिद्ध दार्शनिक भी थे और इनका रचित "पातञ्जलयोगसूत्र" भी प्रसिद्ध है। इनके ग्रन्थ की टीका स्वयं व्यास जी ने की है। लोगों को सन्देह भी हुआ करता है कि व्यास का जीवन कितना अधिक रहा होगा कि वे पतञ्जलि के पीछे तक वर्तमान रहे हों, पर ऋषियो का चिरायु होना कोई असम्भव वात नही है।

६०—पद्मगुप्त ।

इनका उल्लेख ऊपर धनञ्जय और धनिक के वर्णन मे आ चुका है। ये महाशय राजा मुञ्ज के सभासदों मे से हैं। "दश

रूपकावलोक " में इनका और रुद्रकवि का भी नाम देखने में आता है। इनके रचित ग्रन्थ का नाम " नवसाहसाङ्कचरित " है। मुञ्ज के पीछे राजा सिन्धुराज ने सम्भवतः सन् ६६५ ई० से १०१० ई० तक राज्य किया और उन्हींकी प्रतिष्ठा तथा कीर्त्ति के लिये सन् १०१० ई० में "नवसाहसाङ्कचरित" बनाया गया। इस कवि का नामान्तर परिमल भी था।

---

६१ पाणिनि।

संस्कृत भाषा जानने वालों में ऐसा कोई भी न होगा जो "पाणिनि 'वा "अष्टाध्यायी''को न जानता हो। आज कल संस्कृत भाषा के जितने व्याकरण प्रचलित है उन सव के मूल यही प्रसिद्ध पाणिनि जी हैं। पर खेद का विषय है कि इस अत्यन्त प्राचीन सब भाषाओं की मातृभाषा सस्कृत के नियम-पूर्वक व्याकरण बनाने वाले महापुरुष को जीविनो आदि के विषय मे लोग कुछ भी नही जानते। निःसन्देह ये महाशय अत्यन्त विद्वान थे केवल इतना ही कहना पर्याप्त नही है, वरन् ये ऋषि हैं। केवल "रामायण""महाभारत" और पुराणों को छोड़ और संस्कृत ग्रन्थों में आर्ष-प्रयोग अर्थात् पाणिनि रचित व्याकरण द्वारा प्रसिद्ध प्रयोग नही मिलता। पाणिनि ऋषि थे केवल इतना ही कह करके उन्हें अति प्राचीन जन समझ के उनके समय के सम्बन्ध मे विचार न करना वहुत ठीक नही जान पड़ता। अतएव आज-कल के विद्वज्जनों ने पाणिनि के विषय में जो कुछ विचार किया है उसे भी देखना चाहिये।

प्रोफेसर मैक्समूलर के कथनानुसार पाणिनि कात्यायन-वररुचि के समकालीन और सन् ईस्वी से ३५० वर्ष पूर्व के व्यक्ति

जान पड़ते है। कात्यायन वररुचि का वर्णन ऊपर हो चुका है और वहीं पर पाणिनि को भी प्रायः उनका समसामयिक भी कहा है। मैक्समूलर अपने इस अनुमान का प्रमाण सोमदेव-भट्ट रचित " कथासरित्सागर " को उत्थापित करते हैं । पर "कथासरित्सागर' कहां तक ऐतिहासिक विषयों में प्रामाणिक हो सकता है, इसमे घोर सन्देह उपस्थित होता है। क्या कश्मीर ही मे रचे जाने के कारण' कथासरित्सागर" 'राजतरङ्गिणी 'के समान प्रामाणिक ग्रन्थ मान लिया जा सकता है? क्या सोमदेव भी कल्हण की तरह इतिहास लिखने बैठे थे? जहाँ तक ज्ञात हो सकता है केवल इतना हो विदित होता है कि कश्मीर के महाराज अनन्तदेव की पटरानी सूर्यवती के मनस्तोष के लिये सोमदेव ने " कथासरित्सागर " नामक ग्रन्थ रचा। इसका यह तात्पर्य नही हो सकता कि मनस्तोप के लिये इतिहास रचा। फिर भी ग्रन्थ ऐसी कहानियो से भरा हुआ है जिनका मूल ऐतिहासिक समझना बड़े भूल की बात होगी। इन्ही कात्यायन वररुचि ही के वर्णन-प्रकरण में प्रोफेसर मैक्समूलर ने कुछ बातो को ऐतिहासिक सत्य अनुमान किया है। पर औरो को नही। नही जान पड़ता कि ऐसे अनुमानो का नियामक क्या है? मैक्समूलर साहिब का अनुमान यहां तक बतलाता है कि पाणिनि के समय तक हिन्दुस्तान के लोगो को लिखने की विद्या का ज्ञान न था अर्थात् सन् ईस्वी से ३५० वर्ष पूर्व तक हिन्दुओ को लिखना पढ़ना नही आता था । गोल्डस्टुकर साहिब ने इस अनुमान की भूल दिखलाने के लिये बड़ा परिश्रम किया है तथा पाणिनि के ग्रन्थ के शब्दों द्वारा इसके विरुद्ध मत सिद्ध होने के प्रमाण दिखलाये है। वे शब्द नीचे लिखे जाते है।

"यवनानी"–अर्थात् यवनों की लिखावट.

"लिपिकर"–अर्थात् लिखने वाला.

पाटल, काण्ड, सूत्र, और पत्र–इन शब्दों से मुख्य कर वृक्ष के अवयवों का निर्देश होता है ; पर असम्भव नहीं कि पुस्तक के सम्बन्ध में भी इनका प्रयोग होता रहा हो।

"वर्ण और कार"–ये शब्द अक्षरों के लिये हैं।

"लोप"–अक्षर का लुप्त वा दृष्टि से बहिर्गत होना इत्यादि इत्यादि।

इन शब्दों को देखने और उनके ग्रन्थों के विचारने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि पाणिनि के समय में भी भली भाँति लिखने का प्रचार रहा होगा। गोल्डस्टुकर साहिब कहते हैं कि सम्भव है कि जिस समय यूनान देश में प्लेटो और एरिस्टाटल सरीखे प्रसिद्ध ग्रन्थ-लेखक उन्नति को प्राप्त हुए हों उस समय हिन्दुस्तान वाले लिखने की ऐसी अत्यन्त उपयोगी विद्या को न जानते हों ? मैं तो अपनी समझ भर इसके उत्तर में कहूँगा कि नहीं और फिर पाणिनि के रचित ग्रन्थ में जो उपरोक्त शब्द आये हैं वे सिद्ध करते हैं कि पाणिनि के समय में लिखना प्रचलित था।

निदान पाणिनि के समय निर्णय के विषय में मैक्समूलर साहिब का सिद्धान्त गोल्डस्टुकर साहिब के कथनानुसार अशुद्ध प्रतीत होता है पर आश्चर्य की बात है कि बोथलिङ्क साहिब भी पाणिनि को सन् ३५० वर्ष पूर्व का व्यक्ति समझते हैं। उनका कथन है कि कश्मीर के इतिहास "राजतरङ्गिणी" में लिखा मिलता है कि अभिमन्यु ने चन्द्र तथा और और वैयाकरणों को पतञ्जलि विरचित "महाभाष्य" को कश्मीर में प्रचलित करने का आदेश

दिया। अभिमन्यु का समय सन् ईस्वी से १०० वर्ष पूर्व है अतएव पाणिनि के सूत्रों पर "महाभाष्य" रचा गया उसे और ५० वर्ष पिछला अर्थात् सन् ईस्वी से १५० वर्ष पहिले रचा मान लेने में कोई बाधा नहीं है। पतञ्जलि और पाणिनि के बीच में और तीन वैयाकरण अर्थात् "परिभाषा" के रचयिता कात्यायन, "कारिका" के रचयिता और स्वयं पाणिनि हैं। यदि प्रत्येक वैयाकरण के लिये ५० वर्ष का समय रख दिया जाय तो "कथासरित्सागर" के निर्णयानुसार पाणिनि का समय सन् ईस्वी से ३५० वर्ष पहिले आ पहुँचता है। बोथलिङ्क साहिब के इस अनुमान को गोल्डस्टुकर साहिब बहुत दुर्बल समझ के उसकी उपेक्षा करते हैं।

गोल्डस्टुकर साहिब का मत है कि पाणिनि कात्यायन की अपेक्षा प्राचीन व्यक्ति हैं। इसको पुष्टि में वे निम्न लिखित चार युक्तियां दिखलाते हैं।

[१] कुछ शब्द पाणिनि के समय में प्रचलित तथा व्याकरणानुसार सिद्ध थे, पर कात्यायन के समय में वे अप्रचलित वा अशुद्ध हो गये।

[२] कात्यायन के समय में कुछ शब्दों के ऐसे अर्थ लगाये जाने लगे जैसे कि पाणिनि के समय मे नहीं लगते थे।

[३] शब्द और उनके अर्थों का जैसा प्रयोग पाणिनि के समय मे था वैसा पीछे कात्यायन के समय में न रह गया।

[४] संस्कृत विद्या ने कात्यायन के समय से एक नवीन अर्थात् पाणिनि के समय से भिन्न रूप धारण किया।

इन युक्तियों के सिद्ध करने मे गोल्डस्टुकर साहिब ने पाणिनि रचित "अष्टाध्यायी" के सूत्रों का उदाहरण प्रमाण की

तरह उठाया है उनके देखने से सम्भव जान पड़ता है कि पाणिनि और कात्यायन दोनों के समय में संस्कृत व्याकरण की एक ही दशा न रही होगी। अतएव उक्त महाशय का यही मत है कि पाणिनि कात्यायन की अपेक्षा प्राचीन है।

गोल्डस्टुकर साहिब आगे कहते हैं कि पाणिनि के ग्रन्थों से नहीं विदित होता कि उनके समय मे वेद का "आरण्यक" भाग प्रचलित था, क्योंकि उनके ग्रन्थ में आरण्यक शब्द का अर्थ वन में रहने वाला मनुष्य है। पीछे से इस शब्द का अर्थ वन का मार्ग, वनैला हाथी, वनैला सियार आदिक भी हो गया। पर अब इस "आरण्यक" शब्द का प्रचलित अर्थ लोग वेद का वह भाग बतलाते हैं जो उपनिषदों के पूर्व रचा गया। ऐसे आरण्यक, ऐतरेयारण्यक, बृहदारण्यकादि बहुत से हैं। पर पाणिनि ने आरण्यक का यह अर्थ नहीं किया तो इससे क्या सम्भव है कि पाणिनि को यह अर्थ विदित न रहा हो? और उनके ग्रन्थ मे इसके अर्थ का उल्लेख न मिलने पर भी क्या सम्भव है कि उस समय वेद के वे भाग न रहे हो वा पाणिनि उन्हे न जानते रहे हो।

इसी प्रकार गोल्डस्टुकर साहिब नाना प्रकार के प्रमाणों का उपन्यास करके सिद्ध करना चाहते हैं कि पाणिनि को अधो लिखित ग्रन्थ विदित नही थे अथवा केवल इतना ही सही कि उन के विदित रहने का पता पाणिनि के ग्रन्थ से नही लगता। वे ग्रन्थ ये हैं:—

' वाजसनेयी संहिता", ' शतपथब्राह्मण", "उपनिषद्", "अथर्ववेद" और छओ दर्शन अर्थात् "पूर्व" और "उत्तर मीमांसा" [वेदान्त] "सांख्य", "योग', "न्याय" तथा "वैशेषिक'।

पर इनका ऐसा सिद्धान्त कहां तक ठीक हो सकता है इस में वैसा ही सन्देह है जैसा कि पाणिनि के सन् ईस्वी से ३५० वर्ष पूर्व मान लेने मे पड़ता है। वास्तव मे हिन्दू पण्डितों के विश्वास अनुसार व्यास, जैमिन, कपिल, गौतम और कणाद आदि की अपेक्षा पाणिनि नवीन ही जॅचते है । हॉ पतञ्जलि चाहे उनसे पीछे माने जॉय क्योंकि महाभाष्य" के रचयिता हैं।

गोल्डस्टुकर साहिब के मत में 'प्रतिशाख्य" और फिट् सूत्र" पाणिनि से प्राचीन हैं। उणादिगण और धातुपाठ' की मूलभित्ति उन्हींकी रचना है पर 'उणादि सूत्र" पाणिनि की अपेक्षा नवीन हैं। इन सब का पता लगाने से संस्कृत विद्या की उन्नति व प्रचार में पाणिनि कैसे सहायक थे यह तो विदित हो सकता है पर पाणिनि के समय के विषय में सन्देह बना ही रहता है।

पाणिनि के ग्रन्थ में यास्क का नाम मिलता है। उपसर्ग की परिभाषा 'निरुक्त" में मिलती है पर पाणिनि ने पृथक् उसकी परिभाषा नही लिखी। अनुमान होता है कि पाणिनि ने 'निरुक्त" वाली प्रचलित परिभाषा को पर्याप्त समझ और लोगो के बीच प्रसिद्ध देख उसे छोड़ दिया है । यास्क पाणिनि की अपेक्षा प्राचीन हैं।

पाणिनि बुद्ध की अपेक्षा भी प्राचीन होंगे पर वे कितने प्राचीन थे यह निर्णय नही हो सकता। बुद्ध का जन्मकाल प्रायः सन् ईस्वी से ६२३ वर्ष पूर्व अनुमान किया जाता है । अतएव पाणिनि सन् ६२३ ई० से अधिक प्राचीन व्यक्ति होंगे । पर यह नही कह सकते कि यह बात कहाँ तक प्रमाणसिद्ध मानी जा सकती है।

पाणिनि का निवासस्थान गान्धारदेश में शलातुर नामक स्थान था और उनकी माता का नाम दाक्षी था। पतञ्जलि लिखते हैं :—

" सर्वे सर्वपदादेशा दाक्षीपुत्रस्य पाणिनेः । "

श्रीयुत महाशय रमेशचन्द्र दत्त के अनुमान से पाणिनि का समय सन् ईस्वी से पूर्व ८वीं सदी में होता है और यास्क उन से भी सौ वर्ष पहिले हुए थे। यद्यपि इस बात का कोई पक्का प्रमाण नहीं मिलता है कि पाणिनि का ठीक ठीक समय वही है जो दत्त महाशय ने निर्देश किया है, पर बहुत सम्भव है कि पाणिनि लगभग उसी समय रहे हों। क्योंकि कात्यायन का समय सन् ई० से ३५० वर्ष पूर्व माना जाय तो असम्भव न होगा कि ' अष्टाध्यायी " सरीखे व्याकरण ग्रन्थ के भारत में प्रचार होने मे विशेष समय अपेक्षित हुआ हो।

पाणिनि नाम के एक कवि भी सुनने मे आते हैं, जिनके रचित श्लोक वल्लभदेव द्वारा संग्रहीत' सुभाषितावली 'मे उल्लिखित देखने में आते हैं। इसमें सन्देह नहीं कि ये कवि दाक्षीपुत्र वैयाकरण पाणिनि से भिन्न हैं। पीटर्सन साहिब ने अपनी प्रकाशित "सुभाषितावाली" में इनका उल्लेख किया है।

पाणिनि रचित श्लोक यथा—

"क्षपाः क्षामीकृत्य प्रसभमपहृत्याम्बुसरिताम्,
प्रतार्योर्वीकृत्स्नां तरुगहनमुच्छोष्यसकलम्।
क्व संप्रत्युष्णांशुर्गत इतिसमालोकनपरा–
स्तडिद्दीपालोका दिशिदिशिचरन्तीहजलदा ॥"

ऊपर के श्लोक मे ग्रीष्म का अन्त और वर्षा का प्रारम्भ बहुत अच्छा वर्णन किया गया है।

"विलोक्य सङ्गमे रागं पश्चिमायाः विवस्वतः।
कृतं कृष्णं मुखं प्राच्या नहिनार्यों विनेर्ष्या ॥
सरोरुहाक्षीणि निमीलयन्त्या रवौ गते साधुकृतं नलिन्या,
अक्षणां हि दृष्टापि जगत्समग्रं फलंप्रियालोकनमात्रमेव ॥
प्रकाश्य लोकान्भगवान्स्वतेजसा,
प्रभादरिद्रः सवितापि जायते।
अहोचला श्रीर्बलमानदामहो-
स्पृशान्तिसर्वं हि दशाविपर्यये ॥
ऐन्द्रंधनुः पाण्डुपयोधरेण शरद्धधार्द्रनखक्षताभम्।
प्रसादयन्ती सकलंकमिन्दु' तापंरवेरभ्यधिकं चकार ॥"

ये श्लोक बड़ी उत्तम कविता के हैं इससे प्रकट है कि उनकी कवित्व-प्रतिभा भी बड़ी ही उत्कृष्ट थी।

६२-बाण।

"हर्षचरित्र", "कादम्बरी", "चण्डिकाष्टक", 'पार्वती परिणय" के रचयिता ये ही हैं। इनके गुणग्राही सहायक कान्यकुब्ज देशाधिपति राजा हर्षवर्द्धन थे। यह राजा सन् ६२६ से ६४५ के बीच राज्य करते थे। क्योंकि ह्यूनशाङ्ग यात्री ने अपनी यात्रा पुस्तक में हर्षवर्द्धन का उल्लेख किया है। इस से बाण का होना सन् ६२६ से ६४५ तक पाया जात है।

६३-भट्ट नारायण।

"वेणीसंहार" नामक प्रसिद्ध नाटक के रचयिता भट्ट नारायण उन पाँच ब्राह्मणों में से है, जिन्हें बङ्गाल के राजा आदिशूर ने

मध्यदेश से बुला कर बङ्गाल में बसाया। डाक्टर राजेन्द्रलाल मित्र के कथनानुसार आदिशूर ही का नामन्तर वीरसेन है और उक्त महाशय तथा आर सी.दत्त के भी निर्देशानुसार बङ्गाल में राजा बीरसेन का समय सन् ६८६ ई० से १०६ ई० तक अनुमित होता है। भट्ट नारायण जी ने आदिशूर को अपना परिचय नीचे लिखे श्लोक द्वारा दिया था।

'वेणीसंहारनामा परमरसयुतो ग्रन्थएकः प्रसिद्धो
भोराजन्मत्कृतोऽसौ रसिकगुणवता यत्नतो गृहयते स ।
नाम्नाहं भट्टनारायण इति विदितश्चारूशाण्डिल्यगोत्रो-
वेदे शास्त्रे पुराणे धनुषि च निपुण. स्वस्तिते स्यात्किमन्यत् ॥

जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि बङ्गाल मे आने के पहिले भट्ट नारायण 'वेणीसहार" बना चुके थे और वह ग्रन्थ प्रसिद्ध भी हो चुका था। निदान बङ्गाल के राजा आदिशूर के समसामयिक होने से नारायण का समय खीष्टीय दशवी शताब्दी में निश्चित होता है। इनके रचित 'वेणीसंहार' के श्लोक बहुधा "काव्यप्रकाश" मे उठाये गये हैं। भट्ट नारायण रचित एक ग्रन्थ का नाम "प्रयोगरत्न' है। "काव्यप्रकाश" में जो श्लोक उदाहरण मे दिये गये हैं उनमे 'वेणीसंहार' और "रत्नावली"के श्लोक बहुत अधिक हैं।

बङ्गाल निवासी श्री युक्त बाबू प्रसन्नकुमार ठाकुर अपने को भट्ट नारायण का वंशज बतलाते हैं और उन्होने जो बेणीसंहार" नाटक छपवाया है उसके प्रारम्भ में वशावली भी लिख दी है जिससे ज्ञात होता है कि उक्त बाबू साहेब भट्ट नारायण के वंश में ३२वी पीढ़ी में पड़ते हैं। भट्ट नारायण के पिता का नाम भट्ट महेश्वर था, क्योंकि 'भट्टमहेश्वर सुतः भट्ट नारायणः

सुधीः ' ऐसा श्लोकार्द्ध सुनने मे आता है पर ये भट्ट महेश्वर "साहसाङ्कचरित" के रचयिता हैं वा और कोई हैं-इसका पता लगाना चाहिये ।

बूल्हर साहिब ने कश्मीर के शैवदार्शनिक लक्ष्मण गुप्त को उत्पल और भट्ट नारायण का शिष्य बतलाया है। ये लक्ष्मण गुप्त सन् ८५० ई० मे विद्यमान् थे । क्या अचरज है कि ये भट्ट नारायण वेणीसंहार" ही के रचयिता रहे हों !

६४-भट्ट लोल्लट ।

काव्यप्रकाश ' के रसनिरूपण प्रकरण में इनकी मीमांसा की रीति के सूत्र का व्याख्यान लिखा गया है। राजानक रुय्यक ने "अलङ्कारसर्वस्व' में इनके मत को उठाया है। अतएव ये मम्मट से प्राचीन व्यक्ति सिद्ध होते हैं। इनका रचित कोई ग्रन्थ वा उसका कुछ उल्लेख कहीं देखने में नही आया। ये महाशय नाम से कश्मीरनिवासी जान पड़ते हैं । खीष्टीय ११वीं शताब्दी से पिछले व्यक्ति ये नही हो सकते, पर उसके पूर्व कब तक उनके होने की सम्भावना पायी जाती है-इसका कुछ निर्णय नही जान पड़ता ।

६५-भट्टोद्भट ।

राजतरङ्गिणी ' के चौथे तरङ्ग मे 'भट्टोऽभूदुद्भटस्तस्य भूमि भर्तुः सभापति ' ऐसा लिखा मिलता है, जिससे जान पड़ता है

कि ये महाशय कश्मीर के राजा जयापीड़ के सभासद थे। महाराज जयापीड का राज्यकाल सन् ७७६ ई० से लेकर ८१२ ईस्वी तक था। अतः भट्टउद्भट का समय इन्ही कश्मीर के राजा जयापीड़ के समयानुसार खीष्टीय आठवी शताब्दी का आरम्भ मान लिया जा सकता है। इनके रचित ग्रन्थ का नाम 'अलङ्कार सारसंग्रह" है, जिसकी टीका प्रतीहारेन्दुराज ने रची। इनका रचित 'कुमारसम्भव" नाम कोई काव्य भी होगा जिसमें का श्लोक नीचे लिखा जाता है।

'या शैशिरी श्रीस्तपसा मासेनैकेन विश्रुता।
तपसा तां सुदीर्घेंशादूर्णवद्धतीमधः ॥"

जिसमे एक स्थान मे तपस शब्द का अर्थ माघ मास और दूसरे में शरीर को क्लेश देनेहारी तपस्या है। उक्त श्लोक से इनकी कवित्वशक्ति झलक जाती है। इनके समसामयिक "कुट्टिनीमत' के रचयिता दामोदर गुप्त और वामन आदिक है। ये महाशय कश्मीरी थे। व्याकरण, अलङ्कार और काव्य में ये निपुण जान पड़ते है।

"काव्यप्रकाश" के टीकाकारों ने कही कही इन्हे उद्भट कही उद्भटभट्ट और किसी किसी स्थान में उद्भटाचार्य भी लिखा है। "अलङ्कारसारसंग्रह" और 'कुमारसम्भव" काव्य को छोड़ इनके बनाये और कोई ग्रन्थ है वा नही-इसका कुछ पक्का पता नही मिलता है, पर पाण्डित्य और इनकी सभा-चातुरी को निपुणता छिपी नही है।

६६–भट्टोत्पल।

ये महाशय एक प्रसिद्ध ज्योतिषी है, जिन्होंने वराहमिहिर' के

लगभग सभी ग्रन्थों की टीका लिखी है। वराहकृत पञ्चसिद्धान्तिका की टीका इनकी रचित नहीं मिलती। सम्भव है कदाचित् उसकी टीका न भी बनायी हो। प्राचीन ज्योतिषियों ने इन्हें भट्टोत्पल लिखा है, पर निज ग्रन्थ मे ये अपने को केवल उत्पल लिखते हैं। बृहज्जातक की टीका मे इन्होंने अपना समय शाके ८८८ अर्थात् सन् ६६६ ई० लिखा है। अतएव इनको खीष्टीय १०वी शताब्दी का मान लेना पड़ेगा।

६७–भट्ट कल्लट।

ये महाशय भी काश्मीरी पण्डित हैं। इनके गुरु का नाम वसुगुप्त है। वसुगुप्त के रचित ग्रन्थ का नाम स्पन्दकारिका" है और स्पन्दकारिका" पर स्पन्दसर्वस्व" नाम की टीका भट्ट कल्लट की लिखी हुई है। ये कश्मीर के राजा अवन्तिवर्मा के समकालीन है। अवन्तिवर्मा का समय 'राजतरङ्गिणी" के निर्देशानुसार सन् ८५५ ई० से ८८४ ई० तक विदित होता है। निदान भट्ट कल्लट खीष्टीय नवी सदी के पिछले भाग में वर्त्तमान माने जा सकते हैं। इनके पुत्र का नाम मुकुल था जो प्रसिद्ध आलङ्कारिक थे। इनका मत शैव था। कुछ लोगो ने इनका समय सन् ८५०ई० से लेकर सन् ८७० ई० तक अनुमान किया है।

६८–महाकवि भवभूति।

साहित्यमहोदधिके कर्णधार मालतीमाधव" वीरचरित" उत्तरचरित्र संस्कृत के ३ प्रधान नाटकों के कर्त्ता महाकवि भवभूति से काव्यपाठी मात्र अच्छी तरह परचित हैं। हमे तो कुछ ऐसा ही निश्चय

है कि भवभूति की सरस्वती का रसास्वादन विना किये काव्य का पठनपाठन फीका रह जाताहै।"मालतीमाधव 'में शृङ्गाररस,' वीर-चरित्र ' में वीर और उत्तरचरित्र में करुणा इस तरह काव्यपाठियों को रस से आप्लावित करती हुई और भवभूति का सहारा पा सरस्वती त्रिस्रोता होकर बही हैं। काव्यवासनाविदग्ध विद्वानों ने ध्वनि को काव्य का सब से श्रेष्ठ अङ्ग माना है " काव्यस्यात्मा-ध्वनि । " सो ध्वनि भवभूति के काव्य में जितनी अधिक है उतनी और कवियों के काव्य में नहीं पायी जाती। यही कारण है कि काव्यप्रकाश ',' सरस्वतीकण्ठाभरण",' वाग्भटालङ्कार ' आदि प्राचीन 'और' कुवलयानन्द , चित्रमीमांसा , साहित्यदर्पण ' आदि नवीन साहित्य के ग्रन्थों में भवभूति के श्लोकों को उदाहरण मे अवश्य रखा है। जैसे आदि से अन्त तक प्रत्यक्षर में व्याप्त प्रसादगुण कालिदास के काव्य को नहीं छिपा रहने देता, वैसे ही ओजगुण विशिष्ट ध्वन्यात्मक अनोखी उक्तियुक्ति भवभूति के काव्य 'मालती-माधव' तथा 'वीरचरित" में टपकती है। इनका पाण्डित्य किसी अंश में कम नहीं है किन्तु उत्तरचरित्र मे तो ओर छोर को पहुँच गया है। इसीसे कहा गया है " उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते। " मालतीमाधव की प्रस्तावना में इन्होंने अपना परिचय इस तरह पर दिया है।

दक्षिणापथ विदर्भदेश में पद्मपुर नाम का नगर है। वहाँ कृष्णयजु की 'तैत्तिरीय शाखा ' के पढ़ने वाले कश्यपगोत्र में उत्पन्न चरण * गुरु पंक्तिपावन " (मनु ने पंक्तिपावन का लक्षण लिखा है । जिस पंक्ति में ऐसा ब्राह्मण एक भी हो तो सम्पूर्ण पंक्तिको पवित्र कर देता है") पञ्चाग्नि तापने वाले धृत-

---

* चरण अर्थात् वेद पढने में गुरुमहान् ।

व्रत अर्थात् चान्द्रायण आदि व्रत के करने वाले सोमयाग में सोम पीने वाले ब्रह्मवादी ब्राह्मण रहते थे।

"ते श्रोत्रियास्तत्त्वविनिश्चयाय भूरिश्रुतं शाश्वतमाद्रियन्ते।
इष्टाय पूर्त्ताय च कर्मणेऽर्थान् दारानपत्याय तपोर्थमायुः॥"

वे श्रोत्रिय ब्राह्मण तत्त्वनिश्चय के लिये अधिक वेद पढ़ते थे। धन को इष्टापूर्ति आदि बड़े यज्ञ के निमित्त बटोरते थे—स्त्री का साथ सन्तान के लिये, विषय भोग के प्रयोजन से नही करते थे। आयुष्य अधिक हो इस लिये कि दीर्घजीवी होंगे तो तपस्या विशेष बन पडेगी—तात्पर्य यह है कि अब कैसे कदर्य ब्राह्मण वे न थे।

उन्ही ब्राह्मणों मे सुगृहीत नामधेय भट्ट गोपाल के पौत्र पवित्रकीर्ति नीलकण्ठ के पुत्र श्रीकण्ठपदलाञ्छन भवभूति जातूकर्णी नाम की मा से उत्पन्न हुए।

वल्लालकृत " भोजप्रबन्ध " में भवभूति का नाम कई जगह पाया जाता है। जहाँ और और कवियों के मुकाबिले भवभूति का यह प्रौढवाद है:-

"हठादाक्षिप्तानां कतिपयपदानां रचयिता,
कविः स्पर्द्धालुश्चेद्भुवनजयिनावश्यवचसा।
वयं तज्जानीमः कतिपयदिनैः पापिनि कलौ
घटानां निर्मातुस्त्रिभुवनविधातुश्च कलहः॥"

दो चार पद के रचने वाले कवि लोग अपनी कविता के घमण्ड से भुवनविजयी वाणी को वश में किये हुए मेरे साथ हठ के वश हो यदि स्पर्द्धा करें तो जान पड़ता है कलियुग में थोड़े दिन बाद कुम्हार ब्रह्मा के साथ लड़ाई ठानेगा कि मैं भी

तो रोज़ मिट्टी के बर्तन गढ़ा करता हूँ तब तुमको सूरत गढ़ने का ऐसा अभिमान क्यों है।

और भी "मालतीमाधव" में—

"ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां—
जानन्ति ते किमपि तान्प्रति नैष यत्नः।
उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्मा—
कालो ह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी॥"

जो कोई मूढ़मति अल्पज्ञता के कारण काव्य के मर्म को न समझ मेरी कविता का निरादर करते है वे समझ रहे हैं कि ऐसे निपट मूर्खों के लिये मेरा यह प्रयत्न नही है, किन्तु मुझसा समानधर्मा कही पैदा हो जायगा या कदाचित् कही कोई हो भी तो क्या अचरज है क्योंकि समय की लम्बाई का और छोर नही है और यह पृथ्वी कितनी विस्तृत है कौन जानता है।

भवभूति कवि कब हुए इसका ठीक पता लगाना तो दुर्घट है किन्तु बाणमयूर माघप्रभृति भोजदेव धारेश्वर की सभा के प्रधान प्रधान कवि और पण्डितों मे यह भी एक थे। धारेश्वर भोजदेव का पता इतिहासों से ईसवी सन् की दसवी शताब्दी में लगता है। प्रकृति के वर्णन में यद्यपि कालिदास का नम्बर अव्वल है किन्तु वर्णन के द्वारा किसी वस्तु का रूप खड़ा कर देना भवभूति ही जानते थे। उत्तरचरित्र मे अवस्थान्तर या वन पर्वत इत्यादि का वर्णन ऐसी पूर्णता और ख़ूबी के साथ किया गया है जिसे पढ़ बोध होता है मानो वह बात नज़र के सामने मौजूद है। "मालतीमाधव" में श्मशान का वर्णन पढ़ वीभत्सरस का रूप खड़ा हो जाता है। वीभत्स के वर्णन में

साहित्य वाले जितने ग्रन्थकार हैं सब ने भवभूति ही के उन श्लोकों को उदाहरण में दिया है।

यथा—

"उत्कृत्योत्कृत्य कृत्तिं प्रमथमथ पृथूच्छोथ भूयांसि मासा
न्यंसस्फिक् पृष्ठपिण्डाद्यवयवसुलभान्युग्रपूतीनि जग्ध्वा।
अन्तःपर्यस्तनेत्रप्रकटितदशन प्रेतरङ्क करङ्कात्
दङ्कस्थादस्थिसंस्थं स्थपुटगतमपि क्रव्यमव्यग्रमत्ति॥"

ऐसे ही वीररस के वर्णन में वीरचरित्र के कितने श्लोकों को कवियों ने अपने अपने ग्रन्थों में उठाया है। भवभूति को इस समय के कोमल बुद्धिवाले छात्रक्लिष्टता और बड़े लम्बे समास के लिये बहुधा बदनाम किये हुए हैं, किन्तु नीचे के इस श्लोक को ध्यान देके पढ़ो। कोमल अक्षरों मे प्रसाद गुण निबाहते तपोवन का कैसा अनूठा और प्राकृतिक वर्णन इसमे किया है।

"एतानि तानि गिरिनिर्झरिणीतटेषु
वैखानसाश्रिततरूणि तपोवनानि।
येष्वातिथेय परमाशमिनो भजन्ते
नीवारमुष्टिपचना गृहिणो गृहाणि॥"

ये वे ही तपोवन हैं जहां दण्डकारण्य की पहाड़ी नदियो के किनारे किनारे उगे हुए वृक्षों की छाया में उन शान्त दान्त वान-प्रस्थ गृहस्थों की कुटी हैं जो लोग केवल मूठीभर पसई का भात पका और खा कर निर्वाह कर लेते हैं।

"अथेदं रक्षोभिः कनकहरिणच्छद्मविधिना
तथा वृत्तं पापैर्व्यथयति यथा क्षालितमपि।

जनस्थाने शून्ये विकलकरणैरार्यचरितै—
रपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम् ॥

अयन्तेवाष्पौघस्त्रुटित इव मुक्ता परिसरो
विसर्पन्धाराभिर्लुठति धरणी जर्जरकणः ।
निरुद्धोऽप्यावेगः स्फुरदधरनासापुटतया
परेषामुन्नेयो भवति विरसाध्मातहृदयः ॥

तत्कालं प्रियजनविप्रयोगजन्मा
तीव्रोपि प्रतिकृतिवाञ्छयां विसोढ ।
दुःखाग्निर्मनसि पुनर्विपच्यमानो
हृन्मर्मव्रण इव वेदनां करोति ॥ ”

ऊपर के ये सर्वाङ्ग सुन्दर ३ पद्य अनोखे करुणारस के उदाहरण हैं।

नीचे के पद्यों में स्पर्शसुख और कर्णेन्द्रिय के सुख का जैसा वर्णन है उससे अधिक उत्तम वर्णन और क्या हो सक्ता है।

“ विनिश्चेतुं शक्यो न सुखमिति वा दुःखमिति वा
प्रमोहो निद्रा वा किमु विषविसर्पः किमुमदः ।
तव स्पर्शे स्पर्शे मम हि परिमूढेन्द्रियगणो
विकारश्चैतन्यं भ्रमयति च सम्मीलयति च ॥

म्लानस्य जीवकुसुमस्य विकाशनानि
सन्तर्पणानि सकलेन्द्रियमोहनानि ।
एतानि ते सुवचनानि सरोरुहाक्षि
कर्णामृतानि मनसश्च रसायनानि ॥

इयं गेहे लक्ष्मीरियममृतवर्त्तिर्नयनयो
रसावस्यः स्पर्शो वपुषि वहुलश्चन्दनरस ।
अयं कण्ठे बाहु शिरसि मसृणो मौक्तिक सरः
किमस्या न प्रेयो यदि परमसह्यस्तु विरहः ॥ "

'उत्तरचरित्र" के दूसरे अङ्क में दो तपस्वियों का प्रवेश है उन दोनों मे कैसी कोमल बार्तालाप तथा आतिथ्य सत्कार का वर्णन है। बेशक जिसे पढ़ इन दिनों के कपटी निरी चुनीचुना के ढङ्ग पर मेहमानदारी करने वालों को शरम आ सक्ती है।

उसी अङ्क मे हिंस्रजीवों से भरे हुए जङ्गल का ऐसा उत्कृष्ट वर्णन है कि पढ़नेवाले को यही भासित होजाता है मानो हम उसी जनशून्य निराले जङ्गल में खड़े हुए हैं। तद्यथाः—

"पुरा यत्र स्रोतः पुलिनमभवत्तत्र सरिताम्
विपर्यासं यातो घनविरलभाव क्षितिरुहाम्।
बहोर्दृष्टं कालादपरमिव मन्ये वनमिदम्
निवेशः शैलानां तदिदमिति बुद्धि द्रढयति ॥"

तृतीय अङ्क मे रामचन्द्र ऐसे धीर गम्भीर नायक की करुणा की उपमा पुटपाक के साथ बिल्कुल नयी है-नवीन या प्राचीन किसी कवि को नही सूझी।

"हा हा देवि स्फुटति हृदयं स्रंसते देहबन्ध
शून्यं मन्ये जगदविरतज्वालमन्तर्ज्वलामि।
सीदन्नन्धे तमसि विधुरो मज्जतीवान्तरात्मा
विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि ॥"

करुणा की अन्तिम सीमा है। कवि की सूक्ष्मप्रतिभा इसके आगे और अब क्या वर्णन करेगी ? छठवें अङ्क में "दृष्टिस्तृणीकृत

जतयत्तू सत्वसारा" इत्यादि पद्य मे वीररस का भी अनोखा वर्णन भवभूति की कवित्वशक्ति किस दरजे तक चढ़ी है इसका उत्तम नमूना है। हमने यह सब उत्तरचरित्र में कवि की अनूठी उक्ति को दिखलाया। इसका भरपूर रसास्वाद उन्हींको मिल सक्ता है जिन्होंने संस्कृत के काव्यों मे अभ्यास किया है भाषा मे संस्कृत के अक्षर और पदों की कारीगरी, कैसा ही सच्चा अनुवाद क्यों न किया जाय, आना असम्भव है।

तीसरे अङ्क को ऐसे ढङ्ग से बांधा है कि उसके अभिनय मे यथावत् भाव दरसाना किसी तरह पर सहज नही है। खास कर ऐसे ज़माने मे भी जब नाटक करने का हुनर बडी तरक्की पर पहुॅचा हुआ है। यदि यह अङ्क अच्छी तरह करते बन पड़े तो पारसियों के नष्ट नाटकों के शौकीन देख कर दङ्ग हो जांय। एक ओर तमाशे की बातचीत में रामचन्द्र की हृदय-बिदारक करुणा दूसरी ओर सीता का अपनी सखी वासन्ती के साथ उन पर अदृष्टरूप में दयाभाव प्रगट करना। सीता के परित्याग पर भी जानकी को राम से ऐसे ढङ्ग से मिलाया है कि जानकी के गात्रस्पर्श के सुख का तो रामचन्द्र अनुभव कर रहे हैं किन्तु प्रत्यक्ष उन्हें नही देखते। करुणारस के कई पद्य इस अङ्क में भी बडे ही उत्तम है। तद्यथा–

'त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयं
त्वं कौमुदीनयनयोरमृतं त्वमङ्गे॥
पूरोद्वाहे तडागस्य परीवाहः प्रतिक्रिया।
शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते॥"

बहुत ही सच है जैसे बरसात मे झील या ताल के उमड आने पर उसका बांध तोड़ देना ही सुगम उपाय है वैसे ही

शोक मे सन्तापित हो विलाप ही दुःख के आवेग को घटाता है।

शृङ्गाररस प्रधान और भी अनेक काव्य और नाटक हैं इस-लिये शृङ्गाररस मे नई उक्तियुक्ति का निकालना बहुत सहज नही हो सक्ता, किन्तु भवभूति ने मालतीमाधव" मे जो उक्तियुक्ति निकाली है वह शृङ्गाररस के सम्बन्ध में दूसरे कवि को सूझना कठिन है।

> लीनेव प्रतिविम्बितेव लिखितेवोत्कीर्णरूपेव च,
> प्रत्युप्तेव च वज्रलेपघटितेवान्तर्निखातेव च।
> सा नश्चेतसि कीलितेव विशिखैश्चेतोभुव पञ्चभि—
> श्चिन्तासन्ततितन्तुजालनिविडस्यूतेव लग्न प्रिया॥

इत्यादि।

कैसे कोमल और ललित अक्षरों में उत्प्रेक्षा का निबाह किया गया है। अस्तु, कवियों की गणना में गोवर्द्धनाचार्यने कालिदास के उपरान्त भवभूति का नाम लिखा है।

> भवभूतेः सम्बन्धाद्भूधरभूरेव भारती भाति।
> एतत्कृतकारुण्ये किमन्यथा रोदिति ग्रावा॥

हमे भी ऐसा ही मालूम होता है कि ललित पदविन्यास के साथ कवित्व में एक अनोखी छटा निकालना या तो कालिदास जानते थे या भवभूति ही ने उसे निबाहा है। माघ, भारवि, बाण, जयदेव, श्रीहर्ष, दण्डीइत्यादि सब अपने अपने ढङ्ग पर एक एक बात मे अनोखापन अपने अपने लेख में रख गये है, किन्तु भवभूति का यह ढङ्ग सब से निराला है। मिथिला देश के किसी आधुनिक कवि ने अपने राजा की तारीफ में भवभूति का नाम बड़े ढङ्ग से लिखा है।

कलयति करकमले करवालमपैति विभूषणमरिमहिलाया ,
कवयति भवति भवति भवभूतिरभूतिरसो वचसोऽपिकलाया ।
वितरति वसु वसुधा सुरसद्मनि लसति कला सकलाकमलायाः
त्वयि शुभमस्तु शुभङ्करठकुर भवसि विभूषणमिहमिथिलायाः ॥

६९—भर्तृहरि ।

इनके बनाये शतकत्रय भारतवर्ष भर में बड़ी आदर की दृष्टि से देखे जाते हैं । इनका बनाया " वाक्यप्रदीप " ग्रन्थ यद्यपि कम प्रसिद्ध है तथापि उसका भी आदर कम नहीं है। मिस्टर तैलङ्ग के मतानुसार भर्तृहरि का समय ईसा के प्रथम शतक का अन्त और द्वितीय शतक का आरम्भ है। प्रचलित आख्यायिकाओं में भर्तृहरि राजा विक्रम के भाई बतलाये जाते हैं। यदि ऐसी आख्यायिकाओं पर विश्वास करके इन्हें उन्ही विक्रम का भाई मान लें, जिन्होंने सन् ५५४ ई० में म्लेच्छों को परास्त किया था, तो भर्तृहरि का होना ईसा के छठवें शतक का मध्य मानना पड़ेगा ।

७०—भारवि ।

इन कवि ने प्रसिद्ध काव्य 'किरातार्जुनीय' रचा है। बहुत लोगों का मत है कि यह कालिदास के समकालीन थे। इस मत की पुष्टि में एक शिलालेख का नाम लिया जाता है जो सन् ६३४ ई० में खोदा गया था। उसमें जो पद्य खोदा गया था उसमें कालिदास और भवभूति दोनों हो प्रसिद्ध कवि कहकर उल्लिखित हुए हैं ।

वह पद्य यह है:—

" येनायोजि न वेश्म
स्थिरमर्थे विधौ विवेकिना जिनवेश्म ।
स विजयतां रविकीर्ति
कविताश्रितकालिदास भारवि कीर्तिः ॥ "

७१—मम्मट ।

ये सुप्रसिद्ध ग्रन्थ " काव्यप्रकाश " के रचयिता है । ये अवश्य सन् १२९४ ई० में हुए होंगे । क्योंकि इसी सन् में किसी जयन्तनामक पण्डित ने ' काव्यप्रकाश" ग्रन्थ पर ' जयन्तीनामक" टीका लिखी है ।

७२—मुरारि ।

" अनर्घराघव " के रचयिता हैं । इस ग्रन्थ का नामोल्लेख कवि रत्नाकर ने जो नवम शतक में हुए हैं हरविजय" में किया है । अतएव इनका समय नवें शतक के पूर्व समझना चाहिये ।

७३-रत्नाकर ।

इनका रचा महाकाव्य हरविजय" है, जिसका आदर राजा अवन्तिवर्मन ने किया था । इनका समय सन् ८५५—८८४ के बीच में समझना चाहिये ।

७४-राजशेखर।

इनके वनाये "वालरामायण" "वालभारत" और "विधसालभ-ञ्जिका" है। ये भवभूति के वाद हुए हैं। इनके काल का पता सातवें शतक के अन्त से दसवें शतक के मध्य तक समझना चाहिये।

---

७५ श्रीरामानुज।

विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के प्रचारकों में यह सर्वाग्रगण्य हैं। इन्होंने भारतवर्ष में जैनियों और मायावादियों का प्रभाव हटाने में प्राणपण से प्रयत्न किया था और अपने प्रयत्न में सफल भी हुए थे। "स्मृतिकालतरङ्ग" में इनका प्रागट्य शाकाब्द १०४९ अ-र्थात् सन् ११२७ ई० वतलाया गया है, किन्तु कोई कोई इनका जन्म सन् १००८ ई० मानते हैं। इनके वनाये मुख्य ग्रन्थ है —

१ वेदान्त सूत्रपर श्रीभाष्य
२ वेदान्तदीप.
३ वेदान्तसार
४ वेदान्तसंग्रह
५ गीताभाष्य
६ गद्यत्रय।

७६—वराहमिहिर।

यह एक प्रसिद्ध ज्योतिषी थे। इनकी वनाई "वृहतसंहिता" उपादेय ग्रन्थ है। इनका शरीरान्त सन् ५८७ ई० मे हुआ था।

७७-विशाखदत्त ।

इनका बनाया "मुद्राराक्षस" नाटक संस्कृत साहित्य में एक उत्कृष्ट ग्रन्थ है। मिस्टर तैलङ्ग के मतानुसार इस नाटक की रचना ईसा की ७वीं या आठवी शताब्दी में हुई थी।

७८-शङ्कर ।

यह एक प्रसिद्ध अद्वैतवादी पण्डित थे । इनके नाम से अनेक ग्रन्थ प्रचलित हैं-जिनमें से "शारीरकभाष्य" उच्चकोटि का ग्रन्थ है। लोग कहते हैं कि इनका जन्म सन् ७८८ ई० में और देहान्तर सन् ८२० ई० में ३२ वर्ष की अवस्था में हुआ। मिस्टर तैलङ्ग और डाक्टर भण्डारकर शङ्कर का होना छठवीं या सातवीं शताब्दी में मानते हैं। इन्होंने बौद्धों का मतध्वंस कर के वैदिकधर्म का जीर्णोद्धार किया था।

७९-श्रीहर्ष ।

यद्यपि काव्य की लघुत्रयी और "अभिज्ञानशाकुन्तल" तथा "विक्रमोर्वशी" के कर्त्ता महाकवि कालिदास प्रसादगुण और लोकोत्तर उपमा के लिये निस्सन्देह प्रशंसनीय हैं, तो भी ओज और लालित्य के लिये श्रीहर्ष ही अद्वितीय समझे जाते हैं। कविता के जिस पथ का अनुसरण इन्होंने किया है वह भारवि और माघ कवि के ढङ्ग से बिलकुल निराला है। इनकी काव्य-मयी सरस्वती का क्या निराला ढङ्ग है और इनकी लोकोत्तर प्रतिभा कहाँ तक पैनी और कितना समावेश उसमें है,इसे वे ही

पहचान सकते है जो काव्यवासनापूर्ण सरस हृदय हैं। इनकी रचना "नैषधचरित्र" निस्सन्देह भारवि प्रभृति कई एक महाकवियों के काव्य के उपरान्त प्रकट की गयी है, इस लिये सम्भव है कि श्रीहर्ष ने उन कवियों की छाया का सहारा अपने काव्य में लिया हो, किन्तु कालिदास को छोड़, जो कविसम्प्रदायमात्र के दादागुरु हैं और जिनके कविता के भण्डार से कुछ न कुछ चुराये बिना कोई आगे बढ़ ही नही सकता, और किसी कवि का अनुकरण श्रीहर्ष ने कही पर नहीं किया। बल्कि कविता के अंश मे जो कुछ इन्हें सूझा वह न इनके पहिले के कवियों को सूझा था और न इनके उपरान्त के कवियों से बन पड़ा। अतएव संस्कृत के षट्काव्यों में "नैषध" जैसे सब का अन्तिम है वैसे ही काव्यों की पूर्णाहुति भी इससे होती है। ऐसा जान पड़ता है कि माघ और भारवि ये दोनों कवि परस्पर स्पर्द्धालु थे, क्योंकि इन दोनोंके काव्य की इबारत ऐसी मिल जाती है कि उनमें यह देख लेना कि यह किसकी कविताहै असम्भव सा है, या वही परख सकता है जिसने आद्योपान्त किरात और माघ को कई बार पढ़ा पढ़ायाहै। पर "नैषध" के श्लोकों का ढङ्ग ही निराला है। पढ़ते ही मालूम होजाता है कि यह कालिदास भारवि और माघ तीनों से पृथक् है। माघ और किरात दोनों के अन्त में चित्रकाव्य, सर्वतोभद्र, अर्द्धभ्रमक, मुरजबन्ध, कमलबन्ध, गोमूत्रिकाबन्ध, एकाक्षरी, द्वाक्षरी, अमात्रिकछन्द, इत्यादि की कल्पना प्रकट करती है कि उन उन कवियों में परस्पर स्पर्द्धा थी, पर श्रीहर्ष ने जान बूझ कर इस क्रम को नैषध में बरकाया है और शब्द चातुरी को निकृष्ट और अधमकाव्य समझ इन विविध बन्धो का समावेश नही किया। केवल अर्थ की गम्भीरता और पद लालित्य को प्रधान रखा है। श्री हर्ष ने श्लेषालङ्कार का आदि

से अन्त तक आदर दिया है और इनके श्लेष कुछ ऐसे नहीं हैं कि सहज में खुल जाँय वरन काव्यों के पठनपाठन और अनुशीलन से जो पटुबुद्धि हैं उन्हींके चित्त को श्री हर्ष की कविता हर्ष पहुँचा सकती है। इसका सर्ग का सर्ग ऐसी कविताक्लिष्ट का सन्दोह है कि कालिदास का प्रसादगुण जी से उखड जाता है। बुद्धि चक्कर में आती है। कालिदास के काव्य को जो मक्खन का लड्डू कहैं तो इसे कन्द का ढोका कहेंगे। इनकी रचना छात्रदशा के पठनपाठन के लिये तब तक उपयोगी नहीं है. जब तक समग्र व्याकरण और तर्कवाद में पूरा प्रवीण न होजाय।

अब यह किस समय में हुए निर्णय करने के पहले यह कहना उचित मालूम होता है कि यह श्रीहर्ष वह नहीं है जिन का ज़िकिर " रत्नावली " नाटिका में किया गया है। " श्रीहर्षो निपुण कविः परिषदप्येषा गुणग्राहिणी। " न यह वही श्रीहर्ष हैं जिनके लिये बाणभट्ट ने श्रीहर्षचरित्र बनाया है। वह श्रीहर्ष कश्मीर के राजा थे और विक्रम के संवत् की सातवीं या आठवीं शताब्दी में हुए थे, किन्तु यह श्रीहर्ष भारवि और माघ कवि के बहुत दिन बाद कन्नौज के राजा जैचन्द्र के समय के लगभग विक्रमाब्द की नवीं शताब्दी में हुए हैं। काव्यप्रकाशकार मम्मटभट्ट जिसको लोग पतञ्जलि महाभाष्य के तिलककार कैयट के भाई मानते हैं, उन्होंने अपने काव्यप्रकाश में सब कवियों के उदाहरण दिये हैं और उस समय तक भारवि आदि जो जो कवि हो चुके थे उनके गुणदोष निरूपण द्वारा उन सबकी साधारण समालोचना की है,पर श्रीहर्ष के नैषध का एक श्लोकभी कहीं उदाहरण में नहीं दिया। इससे निश्चय होता है कि मम्मटभट्ट के उपरान्त श्रीहर्ष ने नैषधचरित्र निर्माण किया। किम्वदन्ती है कि मम्मट जब "काव्यप्रकाश" बना चुके,तब श्रीहर्ष की भेंट उनसे

हुई और उन्होंने "नैषधचरित्र" उन्हें दिखलाया और कहा कि हमारे काव्य की भी समालोचना आप कर दीजिये। तब मम्मट भट्ट ने नैषध के इस श्लोक की भूल दिखलायी।

" तव वर्त्मनिवर्त्ततां शिवं पुनरस्तु त्वरितं समागमः।
अपि साधय साधयेप्सितं स्मरणीयाः समये वयं वयः॥ "

इसका अर्थ यह है " राजानल हंस को विदा करने के समय कहते हैं जाइये मार्ग में तुम्हारा शुभ हो जल्दी फिर लौट कर आना हमारे मनोरथ को साधो और समय पर स्मरण रखना।" यहां " वर्त्मनि वर्ततां " वर्त्मनि सप्तमी है और वर्ततां क्रिया है किन्तु वर्त्मनि का नि अलग कर वर्ततां इस क्रिया में लगा दो तो निवर्ततां होता है तात्पर्य यह कि तुम्हारे मार्ग में शुभ की निवृत्ति हो अर्थात् मार्ग में तुम्हारा अशुभ हो। श्रीहर्ष लज्जित हो चुप हो गये। समालोचना के लिये फिर न कहा। यह कन्नौज के राजा के सभापति पण्डित थे। नैषध के अन्त में इन्होंने लिखा है " ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात् " अर्थात् कान्यकुब्जाधिप से जो दो बीड़ा पान और आसन पाने के अधिकारी थे। यह श्रीहरि पण्डित के पुत्र थे और मामल्ल देवी इन की मा का नाम था। कहते हैं जब इनके पिता श्रीहरि ने वाद में परास्त हो लज्जा से प्राण भी त्याग दिये, तब इनकी मा मामल्ल देवी ने इनसे शवसाधन कराया और सरस्वती के चिन्तामणि मंत्र का मुरदे की छाती पर श्री हर्ष को बैठा जप कराया। तब यह केवल ५ वर्ष के थे। चिन्तामणि मंत्र के प्रभाव से यह ऐसे उद्भट पण्डित हुए कि लड़कपने ही में इन्होंने अपने पिता को परास्त करने वाले पण्डित को वाद में जीत लिया। "खाद्यखण्डन' आदि कई ग्रन्थ इनके बनाये हुए हैं। नैषध के प्रतिसर्ग के अन्त में इन्होंने ऐसे श्लोक से सर्ग की समाप्ति की है जिस

से इनके माता पिता का नाम तथा इनका सूक्ष्म वृत्तान्त बराबर प्रकट होता है।

श्रीहर्षकविराजराजिमुकुटालङ्कारहीर सुतं
श्रीहीरः सुसुवे जितेन्द्रियचय मामल्लदेवी च यम्।
तच्चिन्तामणिमन्त्रचिन्तनफले शृङ्गारभङ्ग्यामहा
काव्ये चारुणि नैषधीयचरिते सर्गो निसर्गोज्ज्वलः॥

श्रीहर्ष की उक्ति की वानगी के ढङ्ग पर नैषध की कुछ लोकोक्तियों का संग्रह हम यहाँ पर करते हैं।

"त्यजन्त्यसून् शर्म च मानिनो वरं
त्यजन्ति न त्वेकमयाचितव्रतम्॥"

मानी जन प्राण और सुख दोनों से हाथ धो बैठते हैं पर एक अयाचितव्रत नहीं छोडते।

"क्व भोगमाप्नोति न भाग्यभाग् जनः।"

भाग्यवान् जहाँ जाते हैं वहीं सब भोग सामग्री उन्हें प्राप्त होती है।

"अवश्यभव्येष्वनवग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।
तृणेन वात्येव तयानुगम्यते जनस्य चित्तेन भृशावशात्मना॥"

विधाता की इच्छा जिसे अवश्य होनहार के सुघटित करने का हठ है—जिस ओर अपनी झुकावट प्रकट करती है उसी ओर मनुष्य का चित्त भी हवा के झोक से तृण के समान विवश हो दौड़ जाता है।

"विगर्हितं धर्मधनैर्निबर्हणं विशेषविश्वासजुषां द्विषामपि।"

जिन का धर्म ही धन है ऐसे लोगों को जो अपने विश्वास पर हो चाहो शत्रु क्यों न हो मारना विशेष निन्दा के योग्य है।

"ब्रुवते हि फलेन साधवो न तु कण्ठेन निजोपयोगिताम्।"

साधुजन जब किसी का कुछ उपकार करते हैं तो करके दिखा देते है मुख से कहते नही।

---

८० - सुबन्धु।

इनको बाण ने वासवदत्ता के रचयिता बतलाया है। इस लिये इनका समय सप्तम शतक से पहले का नही निकलता।

---

८१ - हर्ष।

यह बाण के बड़े गुणग्राही थे। कहा जाता है बाण ने रत्नावली बना कर इन्हीके नाम से प्रकाश की।

यह नामावली हिन्दी के सुप्रसिद्ध पत्र "हिन्दीप्रदीप" में क्रमशः निकल चुकी है। उसीमें कुछ घटा बढाकर पण्डिताग्रगण्य प० बालकृष्ण भट्ट के अनुग्रह से हमने उसे इस पुस्तक में उद्धृत कर दिया है।

संग्रहकर्त्ता।

Printed by Pt Kalika Prasad Dikshit at the National Press, Allahabad